NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 173 लखनऊ, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## बहुत हो चुका, अब दुनिया देखेगी पीएम मोदी की कूटनीति, 40 से 50 देशों के राष्ट्राध्यक्ष अगले हफ्ते आ रहे हैं

एजेंसी।

दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 21 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लुला के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी जिसमें व्यापार, ऊर्जा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, रक्षा सहयोग और नई तकनीक जैसे कई विषयों पर चर्चा की उम्मीद है। भारत की कूटनीतिक सक्रियता एक बार फिर तेज गति से आगे बढ़ती दिख रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को और मजबूत करने में जुटा है और उभरती तकनीक, व्यापार, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग पर जोर दे रहा है। हम आपको बता दें कि इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण नई दिल्ली में होने वाला एआई इम्पैक्ट समिट होगा, जिसमें ब्राजील के राष्ट्रपति 19 और 20 फरवरी को भाग लेंगे।विदेश मंत्रालय के अनुसार 21 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लुला के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी जिसमें व्यापार, ऊर्जा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, रक्षा सहयोग और नई तकनीक जैसे कई विषयों पर चर्चा की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी ब्राजील के राष्ट्रपति की मुलाकात होगी। राष्ट्रपति भवन में ब्राजील के राष्ट्रपति के सम्मान में



भोज का आयोजन भी होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी उनसे मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इस यात्रा से भारत और ब्राजील के बीच रणनीतिक साझेदारी को नया बल मिलेगा और ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों पर साझा पहल आगे बढ़ेगी।इसके अलावा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। दोनों देश वर्ष 2047 तक के रोडमैप के तहत सहयोग को गहरा करने पर काम कर रहे हैं। रक्षा, अंतरिक्ष, समुद्री सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और इंडो पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी पर विशेष ध्यान रहेगा। मुंबई में भारत फ्रांस नवाचार वर्ष का संयुक्त शुभारंभ भी दोनों नेता करेंगे, जो साल भर मनाया जाएगा। 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों भी एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे। हम आपको बता दें कि इस समिट में दुनिया के 40 से 50 देशों के नेता, नीति निर्माता और तकनीक विशेषज्ञ भाग ले सकते हैं। इससे भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नीति निर्माण और नैतिक उपयोग पर वैश्विक संवाद का केंद्र बनने का अवसर मिलेगा।इन कूटनीतिक गतिविधियों के बीच रक्षा क्षेत्र से भी एक अहम खबर आई है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह सौदा सरकार से सरकार के बीच समझौते के जरिये आगे बढ़ेगा। योजना है कि 114 में से 90 विमान भारत में ही बनाए जाएं और इनमें करीब आधा हिस्सा स्वदेशी सामग्री का हो। भारत को इन विमानों में अपने हथियार और प्रणालियां जोड़ने का अधिकार भी होगा। वायु सेना पहले से 36 राफेल का उपयोग कर रही है, जबकि नौसेना आने वाले वर्षों में 26 राफेल एम शामिल करेगी। नए विमानों से वायु सेना की दस्ता शक्ति में कमी की समस्या कुछ हद तक दूर होगी, क्योंकि स्वीकृत संख्या 42 के मुकाबले अभी स्क्वॉड्रन संख्या काफी कम है।दूसरी ओर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक वार्ता में कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का पक्ष रखा। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर उन्होंने कहा कि हाल के संशोधन दोनों पक्षों की साझा समझ को ही दिखाते हैं और अब इस ढांचे को लागू करने तथा समझौते को अंतिम रूप देने पर काम होगा। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में लाल किला के पास हुए विस्फोट में जैश–ए–मोहम्मद की भूमिका के उल्लेख पर उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में भारत की चिंताओं और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख को स्थान दिया गया है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी एक कथित वीडियो टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई वीडियो है तो उसकी सच्चाई देख कर उचित कदम उठाया जाएगा। चीन के साथ बातचीत पर उन्होंने बताया कि ब्रिक्स बैठक के दौरान दोनों पक्षों में सीमा पर शांति और स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा हुई और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी को समझने और सम्मान देने की बात कही।पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों से जुड़े अमेरिका के बोर्ड ऑफ पीस के निमंत्रण पर भारत ने कहा कि प्रस्ताव का अध्ययन किया जा रहा है और भारत लंबे समय से शांति, स्थिरता और संवाद का समर्थक रहा है। ईरान में रोके गए भारतीय नाविकों के मामले में आठ लोगों की रिहाई और उनकी वापसी की जानकारी दी गई, जबकि बाकी लोगों के लिए संपर्क जारी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल क्रांति का हुआ अभूतपूर्व विस्तार- सिंधिया

एजेंसी।नई दिल्ली। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज संसद में प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत के डिजिटल इकोसिस्टम में आए ऐतिहासिक बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतनेट विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक तक सस्ती और तेज इंटरनेट सुविधा पहुँचाना है।केन्द्रीय मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2014 में देश में 93 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता थे, जो आज बढ़कर 120 करोड़ हो चुके हैं और मोबाइल पेनिट्रेशन 75 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत तक पहुँच गया है। इंटरनेट कनेक्टिविटी में भी क्रांतिकारी बदलाव आया है। इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 2014 के 25 करोड़ से बढ़कर आज 100 करोड़ से अधिक हो गई है, और पेनिट्रेशन 20 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 71.8 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। इसी तरह, ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 6 करोड़ से बढ़कर 100 करोड़ से अधिक हो गए हैं, जबकि औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 66 एमबीपीएस तक पहुँच चुकी है। सिंधिया ने इसे डिजिटल क्रांति बताते हुए कहा कि कनेक्टिविटी अब शहरी विशेषाधिकार नहीं रही, बल्कि ग्रामीण भारत तक पहुँचने वाला नागरिक अधिकार बन चुकी है।सिंधिया ने बताया कि ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की प्रमुख योजना भारतनेट के तहत देश की 2.56 लाख ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा रही है। भारतनेट ᴾ और ᴾᴾ के अंतर्गत लगभग ᵹ42,000 करोड़ के निवेश से 2.14 लाख ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम, जिसकी कुल लागत लगभग 16.9 बिलियन डॉलर है, आज विश्व की सबसे बड़ी ग्रामीण कनेक्टिविटी पहल बन चुका है। इसका लक्ष्य शेष क्षेत्रों को जोड़कर अंतिम छोर तक निर्बाध इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा में ऊर्जा मंत्री व शिवपाल यादव में तीखी नोकझोंक

संवाददाता।

लखनऊ। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व सपा नेता शिवपाल सिंह यादव। यूपी विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना की तरह ही अन्य योजनाओं में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। हमारी सरकार ने इतना काम किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब सपा के लोग कानून व्यवस्था की बात करते हैं तो हंसी आती है। वहीं, विकास कार्यों पर सवाल उठाने पर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारी सरकार में बिजली और सड़क के क्षेत्र में काम हुआ था। इस पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आपको सच सुनने से परेशानी है। कहा कि सपा सरकार में सिर्फ सैफई में बिजली आती थी पर आज हर शहर व गांव में कहीं 24 तो कहीं 21 घंटे बिजली आती है।



## किरेन रिजिज का राहुल गांधी पर बड़ा हमला, बोले- मीडिया के सवालों का जवाब नहीं देना चाहते

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी की मीडिया से बदतमीजी की आलोचना करते हुए कहा कि वह सवालों से बचना चाहते हैं, जिसके बाद सरकार और विपक्ष में नया विवाद खड़ा हो गया है। रिजिजू ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष का अपमान किया, जिससे संसदीय टकराव और बढ़ गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मीडियाकर्मियों पर की गई बदतमीजी की आलोचना करते हुए कहा राहुल गांधी मीडिया को जवाब नहीं देना चाहते। राष्ट्रीय राजधानी में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि मीडिया को सवाल पूछने से नहीं रोका जाना चाहिए, और कहा कि विपक्ष में रहते हुए उनकी पार्टी ने कभी भी मीडिया को सवाल पूछने से नहीं रोका।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह गलत है। अगर वह मीडिया को टोकेंगे और डांटेंगे, तो सवाल कौन पूछेगा? क्या हमने कभी मीडिया को सवाल पूछने से रोका है? विपक्ष में रहते हुए हमने कभी भी कांग्रेस का नाम लेकर मीडिया से कुछ नहीं कहा। उन्होंने यह सब इसलिए कहा होगा क्योंकि वह मीडिया को जवाब नहीं देना चाहते। उन्होंने कांग्रेस सांसदों के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में भी बताया, जिसमें उन्होंने सांसदों से विपक्ष के नेता को सदन के नियमों के अनुसार बोलने के लिए



कहा था। उन्होंने कहा कि मैंने कई कांग्रेस सांसदों से राहुल गांधी को यह समझाने के लिए कहा है कि अगर वे नियमों का उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जा सकता है।यह घटना लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा आज सुबह भाजपा के निर्देशों का अंधाधुंध पालन करने के लिए मीडिया की आलोचना करने और इसे ष्देश के लिए हानिकारकष बताने के बाद हुई है। रिजिजू ने अपने फेसबुक हैंडल पर साझा किए गए उस वीडियो पर भी बात की, जिसमें कांग्रेस सांसदों ने कथित तौर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का उनके कक्ष में अपमान किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल वहां मौजूद थे, जबकि अन्य सांसदों ने कथित तौर पर अध्यक्ष के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने कांग्रेस से अपनी गलती स्वीकार करने का भी आग्रह किया।

## पूणे में बंगाली मजदूर की हत्या पर भड़कीं ममता बनर्जी, बोलीं

एजेंसी।

दिल्ली। सुखेन के परिवार से मैं कहना चाहता हूं कि इस असहनीय दुख की घड़ी में बंगाल उनके साथ खड़ा है। न्याय दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा नेता दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल सरकार पर राज्य में हिंदुओं की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे में काम कर रहे पुरुलिया के 24 वर्षीय प्रवासी मजदूर सुखेन महतो की हत्या पर गहरा सदमा और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना को घृणा अपराध बताते हुए आरोप लगाया कि पीड़ित को उसकी भाषा और पहचान के कारण निशाना बनाया गया था और ऐसे हमलों के लिए बढ़ते विदेशी–विरोधी माहौल को जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री ने



दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, विदेशी–विरोधी भावना को हथियार बनाकर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।पोस्ट में लिखा कि मैं दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग करता हूं। सुखेन के परिवार से मैं कहना चाहता हूं कि इस असहनीय दुख की घड़ी में बंगाल उनके साथ खड़ा है। न्याय दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा नेता दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल सरकार पर राज्य में हिंदुओं की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों का आरोप लगाया। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए घोष ने कहा आज बंगाल में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं पर हमले, और जब हम अपने कार्यक्रम आयोजित करते हैं, तो पुलिस हमारे झंडे उतार देती है। पुलिस और गुंडे मिलकर यह सब कर रहे हैं। हिंदू समुदाय को इस स्थिति में धकेला जा रहा है।

## मजदूरों और किसानों की देशव्यापी हड़ताल से कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित

एजेंसी।

दिल्ली। आज हो रही हड़ताल के दौरान उठ रही मांगों में मुख्य जोर चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2025 और बीज विधेयक 2025 को वापस लेने, नए परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को रोकने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने पर है। केंद्रीय श्रमिक संगठनोंऔर किसान समूहोंके आह्वान पर आज देशभर मेंभारत बंद के तहत ब्यापक हड़ताल और प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि श्रमिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर और किसान हितोंके खिलाफ तथा बड़ी कंपनियोंके पक्ष मेंहैं। इसी के विरोध में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनोंके साझा मंच ने यह राष्ट्रव्यापी कदम उठाया है जिसेकई किसान संगठनों, छात्र समूहों और युवा संगठनोंका भी समर्थन मिला है। आज हो रही हड़ताल के दौरान उठ रही मांगोंमें मुख्य जोर चार श्रम संहिताओंको रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2025 और बीज विधेयक 2025 को वापस लेने, नए

## रईसजादे शिवम मिश्रा को सिर्फ 20 हजार में मिली बेल, पुलिस को झटका

एजेंसी।

कानपुर। अदालत ने पुलिस की रिमांड याचिका खारिज कर दी। शिवम मिश्रा के वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर शिवम मिश्रा की रिमांड याचिका अदालत ने खारिज कर दी। तंबाकू व्यापारी के.के. मिश्रा के बेटे मिश्रा को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था, जब अदालत ने उनके ड्राइवर मोहन के गाड़ी चलाने के दावे को खारिज कर दिया था। कानपुर में लैंबोर्गिनी दुर्घटना के आरोपी शिवम मिश्रा को गुरुवार को जिला न्यायालय ने 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। मीडिया से बात करते हुए उनके वकील नरेश चंद्र त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि पुलिस ष्सरकार के दबाव में काम कर रही थी और उसने मिश्रा को गलत तरीके से गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि अदालत ने रिमांड से इनकार कर दिया है। उन्हें (शिवम मिश्रा को) अब 20,000 रुपये के वचन और 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किया जा रहा है। पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही थी... पुलिस ने उन्हें (शिवम मिश्रा को) गलत तरीके से गिरफ्तार किया था।इस बीच, अदालत ने पुलिस की रिमांड याचिका खारिज कर दी। शिवम मिश्रा के वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर शिवम मिश्रा की रिमांड याचिका अदालत ने खारिज कर दी। तंबाकू व्यापारी के.के. मिश्रा के बेटे मिश्रा को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था, जब अदालत ने उनके ड्राइवर मोहन के गाड़ी चलाने के दावे को खारिज कर दिया था।यह दुर्घटना रविवार को हुई थी, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे और इस बात पर विवाद खड़ा हो गया था कि गाड़ी कौन चला रहा था। पुलिस ने शुरू में एफआईआर में ष्अज्ञात चालकष का नाम दर्ज किया था, लेकिन बाद में सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर मिश्रा का नाम सामने आया। कल शिवम मिश्रा के ड्राइवर ने स्वीकार किया कि वह उस लेम्बोर्गिनी कार को चला रहा था, जिसने कानपुर में एक ऑटो रिक्शा, एक बुलेट मोटरसाइकिल और फिर एक खंभे को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया।

## मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद पर बोले केशव प्रसाद मार्य, बन भी गई तो टिक नहीं पाएगी

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में श्बाबरी मस्जिदश नाम से मस्जिद बनाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि यह टिक नहीं पाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विरोध मस्जिद निर्माण से नहीं, बल्कि आक्रांता बाबर के नाम से है, क्योंकि भारत राम और कृष्ण के भक्तों का देश है। मुर्शिदाबाद में नई बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर चल रही तीखी बहस के बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को बाबर के नाम पर मस्जिद के निर्माण का विरोध करते हुए कहा कि यह मस्जिद नहीं बनेगी और अगर बन भी गई तो टिक नहीं पाएगी। एएनआई से बात करते हुए मौर्य ने जोर देकर कहा कि भारत भगवान राम, भगवान कृष्ण और भगवान शिव के भक्तों का देश है, ष्बाबर के भक्तों का नहींष। उन्होंने स्पष्ट किया कि मस्जिद के निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं है, विरोध तो नाम को लेकर है। मौर्य ने कहा कि यह (मस्जिद) नहीं बनेगी और अगर बन भी गई तो टिक नहीं पाएगी। यह भगवान राम, भगवान कृष्ण और भगवान शिव के भक्तों का देश है, बाबर के भक्तों का नहीं। हमें मस्जिद के निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर बाबर के नाम पर मस्जिद बनी तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। उत्तर प्रदेश के मंत्री अनिल राजभर ने भी इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए कहा कि किसी लुटेरे के नाम पर मस्जिद का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नई मस्जिद के निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं है।राजभर ने कहा कि मस्जिद बनाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर कोई किसी लुटेरे के नाम पर मस्जिद बनाने की कोशिश करता है, या अगर कोई भारत विरोधी मानसिकता वाला व्यक्ति किसी हमलावर के नाम पर ऐसा करता है, तो इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, और पश्चिम बंगाल की जनता भी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। यह देश भी ऐसी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह बहुत बुरा है। इससे पहले, बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर जन उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।




जन उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर ने गुरुवार को विश्वास जताया कि मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में नई श्बाबरी मस्जिदश का निर्माण होगा, और कहा कि मुस्लिम समुदाय इसके निर्माण का समर्थन करता है।

## रईसजादे शिवम मिश्रा को सिर्फ 20 हजार में मिली बेल, पुलिस को झटका

अदालत ने पुलिस की रिमांड याचिका खारिज कर दी। शिवम मिश्रा के वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर शिवम मिश्रा की रिमांड याचिका अदालत ने खारिज कर दी। तंबाकू व्यापारी के.के. मिश्रा के बेटे मिश्रा को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था, जब अदालत ने उनके ड्राइवर मोहन के गाड़ी चलाने के दावे को खारिज कर दिया था। कानपुर में लैंबोर्गिनी दुर्घटना के आरोपी शिवम मिश्रा को गुरुवार को जिला न्यायालय ने 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। मीडिया से बात करते हुए उनके वकील नरेश चंद्र त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि पुलिस ष्सरकार के दबाव में काम कर रही थीष और उसने मिश्रा को गलत तरीके से गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि अदालत ने रिमांड से इनकार कर दिया है। उन्हें (शिवम मिश्रा को) अब 20,000 रुपये के वचन और 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किया जा रहा है। पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही थी... पुलिस ने उन्हें (शिवम मिश्रा को) गलत तरीके से गिरफ्तार किया था।इस बीच, अदालत ने पुलिस की रिमांड याचिका खारिज कर दी। शिवम मिश्रा के वकील मृत्युंजय कुमार ने कहा कि 20,000 रुपये के निजी मुचलके पर शिवम मिश्रा की रिमांड याचिका अदालत ने खारिज कर दी। तंबाकू व्यापारी के.के. मिश्रा के बेटे मिश्रा को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था, जब अदालत ने उनके ड्राइवर मोहन के गाड़ी चलाने के दावे को खारिज कर दिया था।यह दुर्घटना रविवार को हुई थी, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे और इस बात पर विवाद खड़ा हो गया था कि गाड़ी कौन चला रहा था। पुलिस ने शुरू में एफआईआर में ष्अज्ञात चालकष का नाम दर्ज किया था, लेकिन बाद में सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर मिश्रा का नाम सामने आया। कल शिवम मिश्रा के ड्राइवर ने स्वीकार किया कि वह उस लेम्बोर्गिनी कार को चला रहा था, जिसने कानपुर में एक ऑटो रिक्शा, एक बुलेट मोटरसाइकिल और फिर एक खंभे को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया।

# निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल के विरोध में प्रदेशभर में बिजली कर्मियों का उग्र प्रदर्शन, टेंडर जारी होने पर 'जेल भरो आंदोलन' और बिल पारित करने पर 'लाइटनिंग स्ट्राइक' की चेतावनी



लखनऊ(आरएनएस )। पावर सेक्टर के निजीकरण और प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में बिजली कर्मियों ने व्यापक स्तर पर कार्य बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर अपने–अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। आंदोलन के दौरान प्रदेशभर में कार्य ठप रहा और कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के विरुद्ध एकजुटता प्रदर्शित की ।संघर्ष समिति ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में जारी निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल निरस्त नहीं किया गया और निजीकरण के लिए टेंडर जारी किया गया, तो प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और इंजीनियर सामूहिक रूप से 'जेल भरो आंदोलन' प्रारंभ करेंगे। समिति ने कहा कि इस स्थिति में उत्पन्न होने वाली समस्त परिस्थितियों की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। कर्मचारियों ने यह भी ऐलान किया कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल को पारित करने का प्रयास किया गया तो देशभर के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के तत्काल प्रभाव से 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी ।आंदोलन के दौरान पावर सेक्टर के निजीकरण का विरोध करते हुए कर्मचारियों ने इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 तथा प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने और बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया। संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण से बिजली व्यवस्था की सामाजिक जवाबदेही समाप्त हो जाएगी और आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा ।संघर्ष समिति ने बताया कि पहली बार बिजली कर्मचारियों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भी सक्रिय भागीदारी की। बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, मजदूर संगठनों और किसानों की संयुक्त एकजुटता ने इस आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया है। राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर आयोजित विशाल प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा के एकादशी यादव और दिनेश रावत ने भी संबोधित किया और बिजली क्षेत्र के निजीकरण को जनविरोधी बताया। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास देश के किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ है ।संघर्ष समिति ने यह भी आरोप लगाया कि पावर सेक्टर में नियमित प्रकृति के कार्यों के लिए बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग की जा रही है, जिससे न केवल कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और उपभोक्ता सेवा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समिति की प्रमुख मांगों में आउटसोर्सिंग पर तत्काल रोक, रिक्त नियमित पदों पर सीधी भर्ती तथा कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि निजीकरण के माध्यम से वितरण, उत्पादन और टीबीसीबी के जरिए ट्रांसमिशन को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है।

# धारदार मांझे पर सख्ती चौक कोतवाली में जनसुरक्षा बैठक, नागरिकों ने प्रतिबंधित मांझा जमा कर ली शपथ

लखनऊ(आरएनएस)। पतंगबाजी के दौरान धारदार और प्रतिबंधित मांझे से हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गुरुवार, 12 फरवरी 2026 को चौक कोतवाली परिसर में जनसुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ने की। इसमें सीओ चौक, सीओ बाजारखाला, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, पार्षद एवं लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्र, पतंग एसोसिएशन के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक व क्लब संगठनों के प्रतिनिधि तथा क्षेत्रीय पतंग प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे ।बैठक का मुख्य उद्देश्य धारदार एवं प्रतिबंधित मांझे के उपयोग से उत्पन्न हो रही दुर्घटनाओं और संभावित जनहानि को रोकना था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ने उपस्थित पतंग उड़ाने वाले नागरिकों, पतंग विक्रेताओं और अन्य लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई कि वे किसी भी प्रकार के धारदार या प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग नहीं करेंगे। इस दौरान कई पतंग प्रेमियों ने स्वेच्छा से अपने पास उपलब्ध प्रतिबंधित मांझा पुलिस प्रशासन के समक्ष जमा कराया ।पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ने अपने संबोधन में कहा कि धारदार और प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न केवल विधि विरुद्ध है, बल्कि जनसुरक्षा के लिए अत्यंत घातक भी है। पूर्व में ऐसे मांझे के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आम नागरिक, दोपहिया वाहन चालक और पक्षी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिबंधित मांझे के क्रय–विक्रय, उपयोग या भंडारण पर कठोर विधिक कार्रवाई का प्रावधान है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ।उन्होंने नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से प्रतिबंधित मांझा जमा कराने की सराहना करते हुए इसे जनसहभागिता का सकारात्मक उदाहरण बताया। साथ ही अपील की कि सभी लोग कानून का पालन करें, दूसरों को भी जागरूक करें और केवल अनुमन्य व सुरक्षित सामग्री का ही उपयोग करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके ।लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है और कोई भी मनोरंजन तभी उचित है जब उससे किसी अन्य व्यक्ति के जीवन या सुरक्षा को खतरा न हो। उन्होंने प्रतिबंधित मांझे के पूर्ण बहिष्कार और सुरक्षित विकल्प अपनाने की अपील की। पार्षद एवं लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री अनुराग मिश्र ने भी नागरिकों से जागरूकता का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित करने और साधारण धागे का ही उपयोग करने का आग्रह किया।

# जहरीली हवा बनती है स्ट्रोक की वजह- डा. दलजीत सिंह

## एयर पाल्यूशन और स्ट्रोक का बढ़ रहा खतरा

प्रयागराज। स्ट्रोक आज दुनिया में बीमारी से होने वाली विकलांगता (मॉर्बिडिटी) का सबसे बड़ा कारण है और ट्रॉमा के बाद मृत्यु (मॉर्टेलिटी) के मामलों में दूसरे स्थान पर आता है। स्ट्रोक के रिस्क फैक्टर्स अच्छी तरह से पहचाने जा चुके हैं, जिनमें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल (हाइपरलिपिडेमिया), स्मोकिंग, ड्रग एब्यूज, मोटापा और शारीरिक गतिविधि की कमी शामिल हैं। यह बातें मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के न्यूरोसर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं एच.ओ.डी. और न्यूरो इंटरवेंशन विभाग के यूनिट हेड, डॉ. (प्रो.) दलजीत सिंह ने कहीं ।स्ट्रोक मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है इस्केमिक और हैमरेजिक। इस्केमिक स्ट्रोक तब होता है जब दिमाग की आर्टरी या वेन में ब्लड फ्लो कम हो जाता है। वहीं हैमरेजिक स्ट्रोक दिमाग की किसी आर्टरी के फटने से होता है, जो अक्सर एनीयूरिज्म या एवीएम (आर्टेरियो–वीनस मालफॉर्मेशन) के कारण होता है ।उन्होंने बताया कि भारत में यह लगातार देखा गया है कि सर्दियों के मौसम, खासकर नवंबर से जनवरी के बीच, स्ट्रोक के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। ठंड के कारण वासोस्पाज्म होता है, जिससे ब्लड फ्लो कम हो जाता है और इस्केमिक स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। इसी वासोस्पाज्म से ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है, जिससे आर्टरी कमजोर होकर फटने की आशंका रहती है और हैमरेजिक स्ट्रोक हो सकता है। इसी अवधि में एयर पॉल्यूशन भी बढ़ता है, जिसका सीधा संबंध स्ट्रोक से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। दुनिया भर में एयर पॉल्यूशन लगातार बढ़ रहा है।

एशिया और सेंट्रल अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में सेरेब्रोवैस्कुलर डिजीज का रिस्क अधिक है, क्योंकि यहां पीएम 2.5 जैसे फाइन पार्टिकुलेट मैटर का लेवल ज्यादा रहता है। पिछले दो दशकों से इस ट्रेंड को देखा जा रहा है, जिसके चलते संयुक्त राष्ट्र ने भी प्रदूषण नियंत्रण के लिए नीतियां बनाने की चेतावनी और सिफारिशें दी हैं ।डॉ. (प्रो.) दलजीत सिंह ने कहा कि प्रदूषण से होने वाले लगभग 85 प्रतिशत स्ट्रोक के मामले लो और मिडिल इनकम देशों में सामने आते हैं, जहां तेजी से इंडस्ट्रियलाइजेशन हो रहा है। प्रदूषण के मुख्य स्रोतों में बायोमास फ्यूल, खेतों में पराली जलाना, घरेलू जलन, ट्रैफिक, कंस्ट्रक्शन और इंडस्ट्रीज का वेस्ट शामिल है। घर के अंदर और बाहर, दोनों तरह का एक्सपोजर स्ट्रोक के रिस्क को बढ़ाता है।

# मिशन शक्ति5.0 के तहत महानगर क्षेत्र में जागरूकता अभियान, पिंक बूथ 79 टीम ने महिलाओं और बच्चों को किया सजग

लखनऊ(आरएनएस )। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 फरवरी 2026 को थाना महानगर की पिंक बूथ 79 टीम द्वारा न्यू हैदराबाद पिंक बूथ के पास महिलाओं और स्कूली बच्चों को महिला अपराध, साइबर क्राइम तथा अपराध से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से "जागरूकता जगाएं, मिशन शक्ति से जुड़ें, सुरक्षित और सशक्त समाज बनाएं" का संदेश दिया गया ।मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ के 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक निरीक्षक, एक अतिरिक्त निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक तथा एक महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की गई है, ताकि थानों पर आने वाली महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके ।न्यू हैदराबाद क्षेत्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 20 से 25 महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। पिंक बूथ 79 थाना महानगर की महिला हेड कांस्टेबल अंजली यादव और महिला कांस्टेबल सुनीता कुमारी ने प्रतिभागियों को उनके कानूनी अधिकारों, महिला अपराधों से बचाव, साइबर अपराध की पहचान और उससे सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सीईआईआर पोर्टल और यूपी कॉप ऐप के उपयोग के बारे में भी बताया गया ।प्रतिभागियों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस), 1098 (चाइल्डलाइन) और 1076 (टोल–फ्री हेल्पलाइन) की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि 1090 पर शिकायत करने पर पहचान गोपनीय रखी जाती है। छात्राओं को समझाया गया कि डरने से अपराध कम नहीं होते, बल्कि समय पर शिकायत करने से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई संभव होती है। उन्हें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर परेशानी की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया ।मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्थापित पिंक बूथों का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को एक सुरक्षित, संवेदनशील और सहज वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां वे बिना किसी झिझक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें। इन बूथों पर विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाती हैं, जिन्हें महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशील संवाद और मनोवैज्ञानिक सहयोग का प्रशिक्षण दिया गया है। ये बूथ एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला सुरक्षा केंद्रों और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं से सीधे जुड़े हैं, जिससे शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके ।पिंक बूथ केवल शिकायत केंद्र नहीं, बल्कि जागरूकता और रोकथाम का भी सशक्त माध्यम हैं। इनके माध्यम से महिलाओं और बच्चों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन उत्पीड़न और अन्य अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जाती है। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं के प्रति विश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनाना है।

# श्रृंगवेरपुर धाम की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

## एसडीएम के रोक के आदेश के बावजूद नहीं रुका अवैध निर्माण कार्य

प्रयागराज। जनपद के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में एक भगवान राम की तपोस्थली श्रृंगवेरपुर धाम जहां पर राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन होता है इस खाली जमीन पर कुछ दिनों से एक कथित बाबा कब्जा कर रहा है। जिसको लेकर जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य रोकने का आदेश भी जारी किया। उसके बावजूद बाबा जेसीबी लगाकर वहां खाली पड़ी जमीन को कब्जा करने का प्रयास कर रहा है जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है और कभी भी आक्रोशित लोग जिलाधिकारी का घेराव कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने तत्काल निर्माण कार्य रोके जाने और इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से दोहराई है। जानकारी के अनुसार जहां पर राष्ट्रीय रामायण मेला लगता है वहां पर खाली पड़ी जमीन जिसमें तीन गाटा संख्या हैं उसे पर प्रदर्शनी आदि का आयोजन होता है और यहां आए लोग अपने वाहनों को पर भी खड़ा किया करते हैं। लेकिन एक हफ्ते से यहां पर एक व्यक्ति द्वारा संस्था के नाम पर उक्त खाली जमीन पर जेसीबी लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। जबकि उक्त जमीन का मामला न्यायालय में लंबित है। उसे रोकने के लिए एसडीएम ने आदेश भी जारी किया था उसके बावजूद उक्त निर्माण कार्य रोका नहीं जा सका जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले को लेकर आज राष्ट्रीय रामायण मेला श्रृंगवेरपुरधाम के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें अवैध निर्माण पर आक्रोश जाहिर किया गया तथा जिलाधिकारी से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण रोके जाने की मांग दोहराई गई।

# जनता के सहयोग से रेलवे का निजीकरण रोकेंगे- डा. कमल उसरी

प्रयागराज। प्रयागराज जं के हावडा इंड पर आज शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए संयुक्त ट्रेंड यूनियन के आह्वान पर आम हड़ताल का नैतिक समर्थन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महासचिव – श्इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशनश डॉ कमल उसरी ने कहा कि केंद्रीय ट्रेंड यूनियंस द्वारा घोषित एक दिवसीय आम हड़ध्ताल में रेलवे कर्मचारी इसलिए हड़ध्ताल पर नही है क्योंकि एक दिवसीय हड़ध्ताल में सभी रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी सम्भव ही नही है, इसीलिए आम हड़ध्ताल में न रहते हुए भी आम हड़ध्ताल का हम नैतिक समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार जनता की सवारी भारतीय रेलवे का लगातार निजीकरण करते हुए कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती कर रही है। चारों श्रमिक कोड बिल मेहनतकशो के गुलामी के दस्तावेज है, जिन्हें सरकार लागू कर रही है। आज देश मे सबसे अधिक युवाओं को रोजगार देने वाली भारतीय रेलवे मे नई भर्ती पूरी तरह से बंद है। आम जनता को यात्रा के दौरान मिलने वाली 52 सुविधाओं में से 36 बंद है, छात्रों, किसानो, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं से एकता बनाकर रेलवे में नई भर्ती शुरू करवाने का प्रयास करते हुए यात्रियों को पूर्व में मिलने वाली बंद रेल सुविधाओं हम बहाल करवायेगे। जनता के सहयोग से रेलवे का निजीकरण भी रोकेंगे।

इण्डियन रेलवे इम्प्लॉईज फेडरेशन के महामंत्री कॉम मनोज पांड्येय ने कहा कि सभी कर्मचारियों की एकता के साथ एनपीएस, यूपीएस और निजीकरण के खिलाफ चल रहे संघर्ष को जारी रखते हुए रेलवे की सुरक्षा, संरक्षा बनाएं रखते हुए ओपीएस को पुनः बहाल कराया जाएगा, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे सम्बद्ध एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में देश भर में हुए क्रांतिकारी आंदोलनो से सरकार पूरी तरह दबाव में आ गई थी, लेकिन रेलवे में मान्यता प्राप्त दोनों फेडरेशनों के नेताओं ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर मेहनतकश रेलवे कर्मचारियों के पीठ में छुरा घोंपते हुए एनपीएस के बाद यूपीएस को लागू करवाया दिया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से राम किशोर, दिनेश कुमार, महेंद्र, आलम सुरेंद्र, अंनत यादव, राम स्वरूप मौर्य, संतोष द्विवेदी, दीपक वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, पी. एस. राय, प्रमोद राय, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, इत्यादि मौजूद रहे।

# खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से किसानों की आय और युवाओं को रोजगार मिलेगा बढ़ावा केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ(आरएनएस )। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किसानों और उद्यमियों की आय बढ़ाने के साथ–साथ युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं, अनुदानों और प्रावधानों के बारे में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी इस क्षेत्र में निवेश कर सकें और नए उद्योग स्थापित हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी ।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों को उनके उत्पाद का अधिकतम मूल्य दिलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के तहत स्थापित इकाइयों को नियमानुसार सब्सिडी की धनराशि समय से उपलब्ध कराई जाए और थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन रिपोर्ट भी निर्धारित समय सीमा में प्राप्त होनी चाहिए, ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो ।उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सुनियोजित विकास कार्यक्रमों के तहत उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 लागू की गई है। यह नीति किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने, मूल्य संवर्धन बढ़ाने और रोजगार सृजन में सहायक सिद्ध हो रही है। भारत सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र की इकाइयों को पूंजीगत अनुदान देकर लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के लिए 478 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जबकि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के क्रियान्वयन हेतु 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है ।उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी.एल. मीणा द्वारा लगातार अनुश्रवण और समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के अंतर्गत नामित थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसियों, शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों के साथ एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि कई निवेशकों को अपने कार्यस्थल के प्लान मैप की स्वीकृति प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है ।अपर मुख्य सचिव द्वारा पंचायती राज विभाग, आवास विभाग, संबंधित विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला पंचायतों, यूपीसीडा तथा अन्य सक्षम प्राधिकरणों को पत्र भेजकर निर्देशित किया गया है कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को स्वीकृत प्लान मैप शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि नीति के तहत अनुदान दो किश्तों में दिया जाता है। पहली किश्त परियोजना लागत के 50 प्रतिशत व्यय तथा संबंधित बैंक एवं सीए के प्रमाणन के उपरांत स्वीकृत की जाती है। दूसरी किश्त के भुगतान के लिए अग्निशमन तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र अनिवार्य हैं, जिनके लिए स्वीकृत प्लान मैप आवश्यक होता है ।प्लान मैप की स्वीकृति में विलंब के कारण दूसरी किश्त का भुगतान लंबित हो जाता है, जिससे निवेशकों के टर्म लोन खातों पर ब्याज प्रतिपूर्ति प्रभावित होती है और इकाइयों की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## अमेरिका के साथ व्यापारिक डील पर अखिलेश यादव का हमला, कहाद्द यह समझौता खेती, रोजगार और देशी बाजार के खिलाफ

लखनऊध्नई दिल्ली(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक डील को देशहित के खिलाफ बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह डील ऐसी डाल है जिसे उस पर बैठने वाला ही काट रहा है। यह समझौता केवल खेती–मजदूरी ही नहीं बल्कि देश के हर प्रकार के उत्पादन, काम–कारोबार और रोजगार के खिलाफ है ।अखिलेश यादव ने कहा कि यह डील एक अदृश्य जंजीर की तरह है, जो देश को आर्थिक रूप से निर्भर बना देगी, लेकिन पैसे के लालच में डूबे बिचौलिया मानसिकता वाले भाजपाइयों को यह दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने पहले हमारे लोगों को जंजीरों में बांधकर भेजा था, उन्होंने अब डील का जाल फेंक दिया है और भाजपा सरकार उसमें फंस गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि स्वदेशी का नारा लगाने वाले भाजपा के नेता अब कहां हैं। आत्मनिर्भरता की बात करने वाली भाजपा को अब 'परनिर्भरता' का नारा अपना लेना चाहिए।

# बीएसए ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

## बनेगा स्वस्थ इंडियाश अभियान शुरू, 100 स्कूलों में किट वितरण

प्रयागराज। नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नखास कोहना में श्बनेगा स्वस्थ इंडियाश अभियान के तहत एक स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता किट वितरित की और उन्हें साफ– सफाई के महत्व से अवगत कराया।

बीएसए ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने जोर दिया कि यदि बच्चे बचपन से ही साफ–सफाई की आदत अपनाते हैं, तो वे एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। श्बनेगा स्वस्थ इंडियाश अभियान के तहत प्रयागराज जिले के 100 चयनित परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नखास कोहना विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम इसी व्यापक अभियान का एक हिस्सा है। इस पहल के माध्यम से बच्चों को न केवल स्वच्छता किट प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।

वितरित की गई स्वच्छता किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट और अन्य स्वच्छता संबंधी वस्तुएं शामिल थीं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में सक्षम बनाना है ।कार्यक्रम में डीसी कार्यालय से मनीष कुमार, श्बनेगा स्वस्थ इंडियाश के डीसी कृष्ण कांत मिश्र और विद्यालय की प्रधानाचार्या गार्गी अग्रवाल सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# अनुशासन और परिश्रम से ही मिलता है सफलता का मुकाम - विकास पाण्डेय

प्रयागराज। शिव बालक सिंह इंटर कॉलेज, बरामार निविन, नैनी का 15वाँ स्थापना दिवस समारोह साथ ही हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह आज बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास पाण्डेय, जिला समन्वयक प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि रमाशंकर प्रजापति समाजसेवी रहे ।विद्यालय के प्रबंधक रणविजय ने अपने उद्‌बोधन में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।मुख्य अतिथि विकास पाण्डेय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। विशिष्ट अतिथि रमाशंकर प्रजापति ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।

# काम के बढ़ते बोझ के खिलाफ आशा बहुओं का प्रदर्शन

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले में आशा बहुओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने काम के बढ़ते बोझ और कम मानदेय के खिलाफ आवाज उठाई। 'आशा हेल्थ वर्कर एसोसिएशन' की जिलाध्यक्ष कुसुम लता यादव ने प्रशासन को चेतावनी दी कि वे अब अतिरिक्त कार्यों का बोझ नहीं सहेंगी। गुरुवार को बड़ी संख्या में आशा बहुएं सुल्तानपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुईं। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष कुसुम लता यादव ने बताया कि आशा बहुओं को अब बीएलओ, ग्राम प्रधान और कोटेदारों के काम भी सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा, अभी तक हम जच्चा–बच्चा सुरक्षा के कार्यों में लगे थे, लेकिन अब हमें एसआई–आरपी (सर्वे) के काम पर भी लगा दिया गया है। कुसुम लता ने सवाल उठाया कि जब वे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्य कर रही थीं, तो उन्हें अन्य विभागों के काम क्यों दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मात्र 2000–3000 रुपये के मानदेय पर काम करने वाली इन महिलाओं को अब विभागीय अधिकारियों द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। इस पर जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों को खुली चुनौती देते हुए कहा, अगर किसी अधिकारी में हिम्मत है, तो पहले मुझे निकाल कर दिखाए, उसके बाद किसी आशा बहू को हाथ लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि सर्वे जैसे अतिरिक्त कार्यों के कारण उनका मूल स्वास्थ्य कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे गरीब मरीज सरकारी अस्पतालों



के बजाय निजी दलालों के चंगुल में फंसने को मजबूर हैं। आशा बहुओं ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया और गैर–जरूरी काम का दबाव कम नहीं किया गया, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

# सुगम आवागमन के लिए कोंकण तकनीक से बनी रबराइज सड़क

भदैंया/सुल्तानपुर(आरएनएस )। सुल्तानपुर–वाराणसी फोरलेन हाईवे पर स्थित कामतागंज–शंभूगंज रेलवे क्रॉसिंग पर जिले की दूसरी आधुनिक रबराइज्ड सड़क का निर्माण किया गया है। कोंकण रेलवे की तकनीक से बनी यह सड़क अगले 20 वर्षों तक रेल और सड़क यातायात को सुगम बनाएगी। इसकी मरम्मत में भी आठ घंटे की बजाय केवल दो घंटे का समय लगेगा। इस रबराइज्ड सड़क का निर्माण पिछले दस दिनों से रेलवे ट्रैक पर चल रहा था। इसके लिए दो दिन का ब्लॉक लिया गया था। सीनियर सेक्शन इंजीनियर और रेलवे विशेषज्ञों की देखरेख में अप पटरी पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि डाउन पटरी पर भी दो दिन के भीतर आवागमन रोककर काम पूरा कर लिया गया। पारंपरिक रेलवे क्रॉसिंग पर 20 से 40 टन तक के भारी ट्रॉलर वाहनों के आवागमन से पटरियां दब जाती थीं और सड़कें टूट जाती थीं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था और बार–बार मरम्मत की आवश्यकता पड़ती थी। नई रबराइज्ड सड़क से यह समस्या समाप्त हो जाएगी और यातायात सुचारु रहेगा। इस तकनीक में रेलवे ट्रैक को समतल कर उस पर करीब आठ इंच मोटी रबर की प्लेटें बिछाकर सड़क बनाई जाती है। यह सड़क ठंड, गर्मी और बरसात तीनों मौसमों में आवागमन के लिए उपयुक्त होगी। ट्रैक पर मिट्टी या कंकड़ फंसने और सड़क टूटने की चिंता नहीं रहेगी। एक ट्रैक पर इसके निर्माण में अनुमानित 9 से 10 लाख रुपये का खर्च आता है, जिससे एक पूरी क्रॉसिंग पर लगभग 18 से 20 लाख रुपये की लागत आती है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर आर. के. प्रसाद ने बताया कि आधुनिक रबराइज तकनीक की शुरुआत सबसे पहले कोंकण रेलवे ने की थी। यह तकनीक सफल रही और इससे रेलवे को बार–बार ट्रैक व क्रॉसिंग की मरम्मत से राहत मिली। वर्तमान में यह तकनीक देश के सभी रेलवे मंडलों में इस्तेमाल की जा रही है। इसका सामग्री कोंकण रेलवे से ही उपलब्ध कराई जाती है। उत्तर रेलवे में ढखवा–प्रतापगढ़ रोड स्थित नीमा गोपालपुर हॉल्ट (गेट संख्या 36) और कुंडा–प्रतापगढ़ क्रॉसिंग पर यह सड़क बनाई गई है। सुलतानपुर में गेट संख्या 69बी और कामतागंज क्रॉसिंग गेट संख्या 53 पर भी यह तकनीक लागू की गई है।

# सचिव, डालसा ने मेगा विधिक सेवा शिविर एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

बाराबंकी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीशध् अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक– 22 फरवरी, 2026 को आयोजित किए जाने वाले मेगाध्वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर एवं दिनांक–14.03.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज दिनांक 12.02.2026 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में ए0डी0आर0 भवन में विचार विमर्श बैठक का आयोजन किया गया। सभी तहसीलों के तहसीलदारध् सचिव के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित रहें। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित–14.03.26 में अधिक से अधिक राजस्व वादों के निस्तारण हेतु तहसील स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। सभी तहसीलदार अपने–अपने क्षेत्रों में लंबित राजस्व मामलों (सीमांकन, बंटवारा, सीमा विवाद, भूमि संबंधी वाद) का शीघ्र चिन्हांकन करें। चिन्हांकित मामलों में पक्षकारों को समझौता हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं अन्य अधिकारी एवं अधिकार मित्र ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएँ। इसके अतिरिक्त दिनांक–22.02.2026 को जी0आई0सी0 आडिटोरियम, बाराबंकी में प्रस्तावित मेगाध्वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क विधिक परामर्श, प्राथमिकता प्राप्त मामलों का निस्तारण, पीड़ित प्रतिकर योजना, कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं पंजीकरण आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर को जन–सामान्य तक पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि सभी तहसील विधिक सेवा समितियों पर पराविधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति कर दी गई है जिनके माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत, मेगा शिविर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नासला एवं सालसा की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार की निःशुल्क व लाभकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों का चयन, उनका पंजिकरण लघु शिविरों के माध्यम से तहसील स्तर पर कराते हुये चिन्हित लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए मेगा शिविर में लाना सुनिश्चित करें।

# बाराबंकी में डीजल चोर गिरोह का भंडाफोड़रू तीन गिरफ्तार 1495 लीटर अवैध डीजल, इनोवा कार, तमंचा-कारतूस व उपकरण बरामद

बाराबंकी। लोनीकटरा पुलिस ने अंतरजनपदीय डीजल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से कुल 1495 लीटर चोरी का अवैध डीजल, घटना में प्रयुक्त एक इनोवा कार, औजार–उपकरण तथा एक 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 12 फरवरी 2026 को हुसैनाबाद हाईवे–56 अंडरपास के पास से मोहम्मद शोहराब (निवासी अमेठी), सतीश कुमार (निवासी परीवा) और हरिओम (निवासी देवापुर) को पकड़ा गया। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है।पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी शोहराब अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रात में सड़क किनारे खड़े ट्रकों और टैंकरों से डीजल चोरी करता था। चोरी किया गया डीजल सतीश और हरिओम की दुकान पर बेचा जाता था। गिरोह ने 11 फरवरी को भीलवल के पास खड़े एक ट्रक से और 6 फरवरी को हुसैनाबाद पेट्रोल पंप पर खड़े एक टैंकर से डीजल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था, जिनके संबंध में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से डीजल चोरी में इस्तेमाल होने वाले ड्रम, गैलन, पाइप, माप उपकरण सहित अन्य सामान भी बरामद हुआ है। मुख्य आरोपी शोहराब का नाम पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। पुलिस फरार अन्य





आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभय मौर्य के साथ उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने इस सफलता को संगठित डीजल चोरी गिरोह के खिलाफ एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

# फेसबुक पर बोलेरो बेचने के नाम पर वसूले 95 हजार

ल म्भ ा ु अ ा सुल्तानपुर(आरएनएस )। शिवगढ़ के एक युवक से फेसबुक पर सेना अधिकारी बनकर बोलेरो बेचने के नाम पर 95,848 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है। जालसाज ने पैसे लेने के बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कैथापुर ग्राम रसूलहा निवासी मोहम्मद करीम पुत्र मो. मुस्लिम के साथ हुई। 30 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे करीम ने अपनी फेसबुक फीड पर एक बोलेरो गाड़ी बेचने का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में गाड़ी मालिक के रूप में राकेश कुमार सिंह पुत्र जय कीरत सिंह निवासी ग्राम बनी, जनपद सुल्तानपुर का नाम था। राकेश ने खुद को भारतीय सेना में अधिकारी बताया और करीम से कहा कि उसका तबादला हो गया है, इसलिए उसे बोलेरो तुरंत बेचनी है। उसने गाड़ी की कीमत 1,80,000 रुपये बताई। राकेश कुमार सिंह ने करीम को अपनी वर्दी में फोटो भी भेजी, जिससे करीम को उस पर विश्वास हो गया। राकेश ने अपनी मजबूरी बताते हुए करीम से कुल 95,848 रुपये अलग–अलग किस्तों में गूगल पे के माध्यम से मंगवा लिए। पीड़ित के पास इन भुगतानों के साक्ष्य भी मौजूद हैं। पैसे मिलने के बाद राकेश ने न तो गाड़ी दी और न ही करीम के पैसे वापस किए। पैसे मांगने पर वह लगातार बहाने बनाने लगा और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जब मोहम्मद करीम ने दोबारा राकेश के मोबाइल नंबर पर फोन किया, तो वह स्विच ऑफ मिला। थक–हारकर मोहम्मद करीम ने शिवगढ़ थाने में इस संबंध में तहरीर दी। साइबर अपराध की गंभीरता को देखते हुए शिवगढ़ पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया है। शिवगढ़ एसओ चंद्रभान वर्मा ने बताया कि पुलिस ने उक्त मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है और दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अब आई स्केनर से हो सकेंगी रजिस्ट्रीया, आधार कार्ड के साथ पेन संख्या की होंगी अनिवार्यता

**-आधार सत्यापन मे आने वाली समस्या का होगा समाधान, आधार अपडेशन भी होगा आवश्यक**

**-यूआईडीएआई कनेक्टविटी की वजह से रजिस्ट्री मे लगने वाले समय मे भी होगा कमी**

**-वृद्ध जनो के सत्यापन के लिए विभाग ने शुरू की नई तकनीकी**

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

रजिस्ट्री विभाग अपने ग्राहकों के लिए अधिक से अधिक सहूलियत और कम समय मे अधिक काम जल्द से जल्द ग्राहकों को कैसे फ्री किया जाए इसकी योजना मे लगा हुआ है। प्रायः संज्ञान मे आता है की अधिक उम्र की वजह से वृद्ध लोगो की रजिस्ट्री के लिए आधार सत्यापन बहुत बड़ी बाधा बनकर अधिक समय लेते हुए मजबूरन रजिस्ट्री विभाग मे सत्यापन न होने पर बैरक लौटना पड़ता है। वही वृद्ध ग्राहको को भी भारी समस्या से गुजरना पड़ता है। विभाग की भी मजबूरी है की



बिना आधार सत्यापन के रजिस्ट्री नहीं हो सकती है।जब तक थंब सत्यापित नहीं होगा तब तक रजिस्ट्री का होना सम्भव नहीं है।वही इस असुविधा से निजात दिलाने के लिए विभाग ने अब आई स्केनर लगाने की अनुमति दी है जिस पर जनपद मथुरा मे भी जल्द वृद्ध जनो के लिए खुश खबरी है अब उनको आधार सत्यापन न होने पर बैरक नहीं लौटना पड़ेगा अब उनका सत्यापन आइरीश के माध्यम से आई स्केनर से किया जा सकेगा।अब तक आधार सत्यापन के लिए बार बार थंब प्रेस करने मे भारी समय लगता था अब आई स्केनर से आइरिश स्केन होने पर इससे निजात मिल सकेगी। अब राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से और वही आए दिन रजिस्ट्रीयों मे फ्रॉड विवादात्मक स्थिति पैदा न हो इसके लिए पेन संख्या अब सभी के लिए अनिवार्य कर दी है। अब ग्राहक को अपना पेन संख्या देनी ही पड़ेगी।वही अब सत्यापन के लिए अब आधार का अपडेशन भी होना आवश्यक होगा।वही इस सबंध मे जानकारी देते हुए उप निबंधक सदर प्रथम अजय त्रिपाठी ने बताया की विभाग ग्राहकों की सहूलियत के लिए हर स्तर तक प्रयासरत है जिससे की आए दिन वृद्ध लोगो के आधार सत्यापन मे थंब प्रेस न होने की समस्या के साथ–साथ प्रयास करने पर अधिक समय लगने के बाबजूद सत्यापन न होने पर परेशान होना पड़ता है,

अब विभाग द्वारा आई स्केनर की सुविधा जल्द मुहैया करा दी जायेगी जिससे आइरीश स्केन होने पर सत्यापन जल्द और कम समय मे हो सकेगा।इससे रजिस्ट्री मे भी ज्यादा समय नहीं लगेगा। इसके लिए आधार नवीन अपडेशन के साथ अनिवार्य रहेगा।

# पशु चिकित्सक पर भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

कूरेभारध्सुलतानपुर(आरएनएस )। कूरेभार स्थित पशु अस्पताल में तैनात पशु चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र सिंह के खिलाफ क्षेत्रीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में पशुओं को वितरित की जाने वाली दवाइयों को किसानों को न देकर बाहर बेच दिया जाता है, जिससे पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉ. शैलेन्द्र सिंह सरकारी वाहन से क्षेत्र में जाकर पशुओं को देखने के नाम पर अत्यधिक धनराशि वसूलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ड्यूटी समय के बाद इलाज करने के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि चिकित्सक अक्सर ड्यूटी समय पर अस्पताल में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे पशुपालकों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पशुओं का टीकाकरण नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है तथा प्रभावशाली लोगों के पशुओं को प्राथमिकता दी जाती है। क्षेत्रीय निवासियों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित चिकित्सक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई एवं स्थानांतरण की मांग की है। इस संबंध में प्रशासनिक स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य वही जब मामले की जानकारी के लिए पशु चिकित्सक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि आरोप मेरे ऊपर जो लगाए गए हैं यह क्यों लगाए गए हैं इसे तो आरोप लगाने वाला ही बता सकता है फिलहाल में एक महीने से एस आई आर में ड्यूटी कर रहा हूं और जो बातें दिखाई जा रही हैं वह फर्जी हैं मैं बराबर अस्पताल पर रहता हूं क्षेत्र के लगभग लोग अस्पताल पर जाकर के मिलते हैं और क्षेत्र में भी जो शिकायत प्राप्त होती है उसका तुरंत जानकारी होते ही कार्यवाही की जाती है।

# 7 साल बाद आया कोर्ट का फैसला, आरोप साबित करने में विफल रहा अभियोजन

सुलतानपुर(आरएनएस )। घर में घुसकर मारने और गाली गलौज के मामले में कोर्ट ने आरोपी




को दोष मुक्त करार दिया है। अभियोजन की तरफ से पेश किए गए सबूत व बयान से आरोप साबित नहीं होने पर अदालत ने यह फैसला सुनाया है।मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जोली मीरगंज गांव का है। जहां की रहने वाली साफिया ने अभियुक्त मेराज खाँ व फैयाज खां पर घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए वर्ष 2018 में गोसाईगंज थाने में एफआईआर दर्ज करवाया था। बाद विवेचना पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में भेजा। मुकदमे का विचारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 21 में चला। दौरान विचारण आरोपी फैयाज की मृत्यु हो गई। अदालत में अभियोजन की तरफ से शिकायतकर्ता साफिया और उसकी बेटी तहसीन बानो का बयान दर्ज कराया गया। गवाही समाप्त होने पर दौरान बहस अभियुक्त मेराज के अधिवक्ता मोहम्मद रफीक ने महत्वपूर्ण तर्क देते हुए आरोपी को बेकसूर बताया। अभियोजन कथानक साबित नहीं होने पर कोर्ट ने आरोपी मेराज खाँ को दोष मुक्त करार देते हुए जमानतदारो का जमानत नामा व बंधपत्र निरस्त कर उनके दायित्व से उनको उन्मोचित कर दिया।

# स्कूल के परिसर में मिली युवक की लाश

जौनपुर(आरएनएस )। जलालपुर थाना क्षेत्र स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर के पास एक स्कूल के परिसर में गुरुवार की सुबह एक युवक की अर्धनग्न हालत में लाश पाई गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाने की पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मामला गुरूवार की सुबह का बताया जा रहा है। मृतक युवक की पहचान रेह के रहने वाले 22 नाग अखिलेश राजभर के रूप में हुई है। इस मामले की जानकारी लोगों को तब मिली जब सुबह स्कूल के मैदान में आए लोगों ने युवक की लाश को वहां देखा। लाश देखने के लिए लोगों की भीड़ वहां मौजूद हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इस मामले में थाना प्रभारी के अनुसार मृतक युवक के पास से एक सल्फास की शीशी और एक पानी की बोतल बरामद पाई गई है।युवक की मौत का कारण विषाक्त पदार्थ के सेवन से होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक युवक अखिलेश राजभर मुंबई में निजी कंपनी में काम करता था। मृतक युवक अखिलेश बीते कुछ ही दिनों पहले अपने घर आया हुआ था। मृतक परिवार में तीन बहनों के बीच वह इकलौता भाई था। मृतक के चचेरे भाई राजन ने बताया कि अखिलेश लगभग तीन महीने पहले अपनी बहन की शादी के बाद मुंबई गया था और दो दिन पहले ही घर आया था। आगे उन्होंने बताया कि अखिलेश बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे घर से निकला था, उसके बाद वो वापस घर नहीं लौटा।

# संयुक्तट्रेड यूनियनों ने हड़ताल कर किया सभा

जौनपुर(आरएनएस )। श्रम कोड, सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण सहित सरकार की अन्य जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एआयूटीयूसी सहित प्रमुख ट्रेड यूनियनों व फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु जौनपुर में जुलूस व जन सभा आयोजित की गई। जुलूस की शुरुआत रोडवेज बस अड्डा जौनपुर से की गई, जो जिला मुख्यालय पर पहुंच कर जन सभा के रूप में तब्दील हो गई। जुलूस में ट्रेड यूनियन–एआईयूटीयूसी, किसान संगठन–एआईकेकेएमएस, छात्र संगठन–एआईडीएसओ, युवा संगठन– एआईडीवाईओ, महिला संगठन–एआईएमएसएस के अलावा अन्य संगठनों से सैकड़ों मजदूर–किसान, छात्र–नौजवान व महिलाएं शामिल हुई। जिन्होंने जुलूस में – चार लेबर कोडों व नियमों को रद्द करो। मजदूरों का न्यूनतम मासिक वेतन 30000ध लागू करो। सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण करना बंद करो। स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर स्थायी नियुक्ति करो। बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाओ। सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारण्टी दो। बिजली संशोधन अधिनियम 2023 रद्द करो। नई शिक्षा नीति 2020 रद्द करो। सरकारी स्कूलों को बंद करने वाली क्लोजर–मर्जर पालिसी रद्द करो। महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर रोक लगाओ। जैसे नारे लगाये। वक्ताओं ने कहा कि सरकार पूंजीपतिपरस्त नीतियां लागू कर आम जनता पर कहर ढा रही है। परिणामस्वरूप देश में गरीबी अमीरी का फासला बढ़ता जा रहा है। आजादी के 78 सालों के बाद भी किसी भी जन समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

# मोदी सरकार ने दिया अंबेडकर को सम्मान - हरेन्द्र प्रसाद

जौनपुर(आरएनएस )। देश को बाबा साहब भारतरत्न भीमराव अंबेडकर ने संविधान के जरिए सभी को बराबरी का अधिकार दिया। यह बातें गुरुवार को सिरकोनी ब्लॉक के सैदपुर गांव में भारतरत्न भीमराव अंबेडकर, भगवान बुद्ध व संत रविदास के मूर्ति का अनावरण करने के पश्चात पूर्व विधायक डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कही।उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया।सरकार ने उन्हें भारतरत्न देकर उनके प्रति अपनी सोच को दिखाया।श्री सिंह ने कहा कि आज सरकार विकास के कार्यो को बिना भेदभाव के जिस प्रकार से अंजाम दे रही है।गरीबों के विकास का जितना कार्य केंद्र की सरकार ने 2014 से तथा 2017 से प्रदेश की सरकार ने किया।उसे कोई भी नकार नही सकता।अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए।उनके विचारों से हम अपने जीवन को बदल सकते है।विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी बंसराज सिंह ने कहा कि समाज मे छुआछूत को खत्म करने का बहुत बड़ा योगदान बाबा साहब अंबेडकर का रहा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी आशुतोष सिंह ने कहा कि हमे बाबा साहब अंबेडकर ने एक ऐसा संविधानिक व्यवस्था को दिया है।जिससे हम समाज मे कही सिर उठाकर बात कर सकते हैं। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रामजतन गौतम तथा संचालन विजय कुमार गौतम ने किया। विनय कुमार,रमेश चन्द्र जायसवाल, शैलेंद्र सिंह,गोलू सिंह,साधु सिंह,शशिकांत पाठक, प्रमोद बरनवाल पूर्व चेयरमैन जफराबाद,राजमणि गौतम,रामधनी गौतम,समरु राम,शीत कुमार,अमरनाथ गौतम,बीरबल कुमार आदि रहे।

# फर्जी तरीके से संचालित हो रहे निजी अस्पताल

जौनपुर(आरएनएस )। केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास अवैध रूप से संचालित लगभग आधा दर्जन निजी अस्पतालों का मामला प्रकाश में आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद इन अस्पतालों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से इनके संचालकों के हौसले बुलंद हैं। बताते है कि कुछ अस्पतालों का लाइसेंस दूसरे चिकित्सकों के नाम पर पंजीकृत है, जबकि मौके पर कोई अधिकृत डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। ऐसे स्थानों पर इंटरमीडिएट पास युवतियों या अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा मरीजों का इलाज किए जाने की बात सामने आई है। इतना ही नहीं, झोलाछाप लोगों द्वारा छोटे–बड़े ऑपरेशन और प्रसव तक कराए जाने के आरोप हैं, जो मरीजों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। दो माह पूर्व फर्जी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाने हेतु टीम गठित की गई थी। शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस तो जारी किए, लेकिन उसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। चिकित्साधीक्षक डॉ. अरुण कनौजिया ने बताया कि संबंधित अस्पतालों के विरुद्ध लिखित रिपोर्ट भेजी जा चुकी है तथा जांच के लिए दो नोडल अधिकारी नामित हैं। हालांकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

जौनपुर(आरएनएस )।पुलिस अधीक्षक कुवंर अनुपम सिंह ने जफराबाद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पहले थाने के कार्यालय को देखा।कार्यालय में अभिलेखों के बारे में जानकारी लिया।मुख्य अभिलेखों को लेकर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को निर्देश भी दिया।

उसके बाद उन्होंने शस्त्रागार में रखे असलहों व कारतूस आदि की जानकारी लिया।मालखाना की विस्तृत जानकारी लिया।हवालात की स्थिति को देखकर उसे दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।इसके बाद थाना परिसर की साफ सफाई व प्रांगण तथा मेस व पुलिस बैरिक का भी निरीक्षण किया।उन्होंने थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को निर्देश दिया कि अभिलेखों का रख रखाव दुरुस्त होना चाहिए।थाने में आने वाले आम लोगों से अच्छा व सरल व्यवहार रखें।कानून व्यवस्था को लेकर कोई लापरवाही नही होनी चाहिए।

# संसद बनी बंधक- संविधान का अपमान कौन कर रहा है ?

राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक कोट करते हुए चीनी घुसपैठ का पुराना मुद्दा उछालने का प्रयास किया।वर्ष–2026 का बजट सत्र हल्ले–गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहाँ बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दर्शाता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक कोट करते हुए चीनी घुसपैठ का पुराना मुद्दा उछालने का



प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान करे। लोकसभा में कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनायी और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन न आने का अनुरोध करना पड़ा वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना ये है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बाते करते हैं। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकलकर आई आदिवासी महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर भी राहुल गांधी घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है । कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं किसी और को तो गद्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेकें गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे क्या यह असम का अपमान नहीं? जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है ?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है ? हमने जम्मू–कश्मीर से धारा 370 से हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? आजकल मोहब्बत की दुकान खोलने वाले "मोदी तेरी कब्र खुदेगी" के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियो को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है किकांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे जोड़ा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल– पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक–एक करके समाधान क्यों कर रहा है? कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है इसलिए अब कांग्रेस के नेता मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है।

## सम्पादकीय

### पीयूष गोयल की टिप्पणी

यह कहना काफी नहीं है कि व्यापार समझौते पर बातचीत अभी चल रही है और उसे लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, पीयूष गोयल की इस टिप्पणी ने अनिश्चय और बढ़ा दिया है। भारत– अमेरिका ट्रेड डील के बारे में डॉनल्ड ट्रंप की घोषणा से बने अनिश्चय के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आनन–फानन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसान एवं अन्य समूहों को आश्वस्त करने की कोशिश की। कहा कि कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाएगा। मगर इससे आशंकाएं दूर नहीं हुईं, तो उसकी वजह वॉशिंगटन से आ रहे बयान हैं। अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंग्स और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर ने बेलाग कहा है कि ट्रेड डील में कृषि शामिल है। यह भी कहा है कि अमेरिका के कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों पर भारत शून्य आयात शुल्क लगाएगा। उधर ह्वाइट हाउस की प्रवक्ता केरोलीन लेविट कहा है कि भारत ना सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, बल्कि अमेरिका और संभवतरू वेनेजुएला से भी अधिक मात्रा में तेल खरीदेगा। ये वही बातें हैं, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति ट्रंप ने किया था। इसलिए इन मुद्दों पर दो–टूक बयान की जरूरत है। यह कहना पर्याप्त नहीं है कि व्यापार समझौते के कई पहलुओं पर बातचीत चल रही है और उसे अभी लिखा नहीं गया है। जब ऐसा होगा, तब पूरी जानकारी दी जाएगी। दरअसल, गोयल की इस टिप्पणी ने प्रकरण पर और भी धुंध डाल दी है। क्या बिना डील संपन्न हुए ट्रंप ने एलान कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके लिए उन्हें धन्यवाद दे दिया?

ऐसा हुआ, तो उससे दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व की छवि और भी खराब होगी। फिर क्या भारत ऐसा आश्वासन लेने में सफल रहा है कि ट्रंप आगे चल कर ब्रिक्स़ की भारत की सदस्यता और ईरान जैसे देशों से व्यापारिक संबंध रखने को मुद्दा नहीं बनाएंगे? हाल में दक्षिण कोरिया से डील होने के बावजूद ट्रंप ने यह कर उस पर 25 फीसदी नया टैरिफ लगा दिया कि वह समझौते पर ठीक से अमल नहीं कर रहा है। ट्रंप के व्यवहार में ऐसी अस्थिरताएं भरी–पड़ी हैं। भारत सरकार का कर्त्तव्य इन तमाम पहलुओं का आकलन करते हुए आगे बढ़ना और देशवासियों को इस संबंध में अवगत रखना होना चाहिए। मगर फिलहाल आधी–अधूरी जानकारियों के आधार पर जश्न का माहौल बनाने की कोशिश होती हम देख रहे हैं।

### परीक्षाएँ नहीं, सीखना है जीवन का लक्ष्य

आज के समय में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अत्यधिक चिंता और तनाव का वातावरण देखने को मिलता है। अक्सर अंकों को ही सफलता का एकमात्र मापदंड मान लिया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि परीक्षाएँ जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण मात्र हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखा जाए। विद्यार्थियों को यह समझने की आवश्यकता है कि परीक्षा उनके ज्ञान, समझ और आत्मविश्वास को परखने का माध्यम है, न कि उनकी संपूर्ण क्षमता का अंतिम निर्णय। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में केवल अच्छे अंक ही सफलता की गारंटी नहीं हैं। समय की मांग है कि विद्यार्थियों का ध्यान अंकों के साथ–साथ कौशल विकास पर भी केंद्रित हो। संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता जैसे जीवन कौशल विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। नई शिक्षा नीति और सीबीएसई भी अब इसी दिशा में कार्य करते हुए अनुभवात्मक शिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित अधिगम और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल दे रहे हैं। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को केवल अधिक अंक लाने के दबाव में न रखें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सीखने और आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। वास्तव में, अंक सफलता का एक हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन कौशल ही जीवन में स्थायी सफलता का आधार बनते हैं।परीक्षा के समय विद्यार्थियों पर सबसे अधिक प्रभाव घर और विद्यालय के वातावरण का पड़ता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की तुलना अन्य विद्यार्थियों से न करें। तुलना से आत्मविश्वास कम होता है और तनाव बढ़ता है। इसके स्थान पर बच्चों को प्रोत्साहित करें, उनकी मेहनत की सराहना करें और सकारात्मक माहौल प्रदान करें।विद्यालयों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे केवल परीक्षा परिणाम पर ही ध्यान न दें, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर कार्य करें। खेल, योग, ध्यान और सह–पाठयक्रम गतिविधियाँ विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और एकाग्रता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों का काफी समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर व्यतीत होता है, जो उनकी एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। परीक्षा के समय विशेष रूप से डिजिटल उपकरणों का सीमित और उद्देश्यपूर्ण उपयोग आवश्यक है।संतुलित दिनचर्या कृ पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार, नियमित अध्ययन, छोटे–छोटे ब्रेक, योग और ध्यान कृ विद्यार्थियों को तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक होती है।नई शिक्षा नीति और सीबीएसई की मूल्यांकन प्रणाली भी अब केवल रटने की प्रवृत्ति से आगे बढ़कर समझ, विश्लेषण, रचनात्मकता और व्यवहारिक ज्ञान पर जोर दे रही है। इसलिए विद्यार्थियों को केवल अंक प्राप्त करने के बजाय विषय को

# पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति

अजीत द्विवेदी

राजनीतिक और सामाजिक बदलाव के लिहाज से यह बहुत दिलचस्प समय दिख रहा है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी पैन इंडिया हिंदुत्व की राजनीति को स्थापित करने की बेहद आक्रामक राजनीति कर रही है। उसने 80 और 20 वाली राजनीति को उत्तर प्रदेश की सीमा से निकाल कर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूरे देश में आजमाने की राजनीति शुरू की है तो दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियों के पास इसकी काट के लिए सिर्फ भाषायी और क्षेत्रीय पहचान का मुद्दा दिख रहा है। कांग्रेस इस पूरे विमर्श से बाहर हो गई दिखती है। ऐसा लग रहा है कि उसको कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि किस वैचारिक धरातल पर अपनी राजनीतिक रणनीति बनाए।तभी देश का राजनीतिक मुकाबला भाजपा बनाम प्रादेशिक पार्टियों का बनता जा रहा है। महाराष्ट्र में इसकी एक परीक्षा हुई है और भाजपा ने मराठी मानुष की पहचान की उद्धव और राज ठाकरे की राजनीति को बुरी तरह से परास्त किया। ध्यान रहे भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति के प्रत्युत्तर के तौर पर ही उद्धव ठाकरे ने मुंबई में कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी का साथ छोड़ा और राज ठाकरे से हाथ मिलाया। उद्धव नरम तो राज ठाकरे गरम राजनीति कर रहे थे। राज ठाकरे ने उत्तर और दक्षिण भारतीयों के खिलाफ जहर उगला तो गुजरातियों के खिलाफ भी जबरदस्त आक्रामकता दिखलाई। लेकिन चुनाव जीतने के लिहाज से यह राजनीति कम पड़ गई। मुंबई में तो फिर भी उद्धव ठाकरे की जमीन कुछ बची लेकिन वहां से बाहर उनकी पार्टी पूरी तरह से साफ हो गई।बृहन्नमुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के चुनाव से भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति की सीमाएं उजागर हुई हैं। हालांकि मुंबई या किसी अन्य महानगर में पहचान की राजनीति की विफलता के आधार पर यह नहीं माना जा सकता है कि पूरे प्रदेश में यह राजनीति विफल हो जाएगी। इसका कारण यह है कि महानगरों की जनसंख्या संरचना काफी बदल गई है। मुंबई जैसे महानगर में 25 फीसदी के करीब आबादी उत्तर भारतीयों की है। लेकिन अगर पूरे महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता के आधार पर चुनाव हो तो नतीजे अलग हो सकते हैं। तभी भाजपा भी मराठी और हिंदुत्व दोनों अस्मिताओं को एक साथ लेकर चलती है।बहरहाल, इस राजनीति की पड़ताल अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में होने वाली है। ये पांचों राज्य भाषायी और क्षेत्रीय पहचान की राजनीति वाले राज्य हैं। पश्चिम बंगाल में बांग्ला अस्मिता का मुद्दा है तो असम में भाषा और संस्कृति दोनों राजनीतिक संघर्ष का विषय बने हैं। उधर तमिलनाडु में भाषायी और क्षेत्रीय दोनों अस्मिता का मुद्दा है तो केरल में अब जाकर सत्तारूढ़ लेफ्ट पार्टी ने मलयालम भाषा की अस्मिता को राजनीति में आजमाने का फैसला किया है। राज्य की लेफ्ट मोर्चा की सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से हिंदी थोपे जाने का मुद्दा उठाया है और मलयालम भाषा बिल पेश किया है, जिसका मकसद मलयालम को नंबर एक और पहली भाषा बनाना है।हालांकि इसे लेकर हिंदी की बजाय कन्नड़ से उसका टकराव शुरू हो गया है। कर्नाटक से लगती सीमा के पास बड़ा इलाका ऐसा है, जहां केरल के लोग कन्नड़ बोलते हैं। खैर यह स्थानीय मामला है, जिसे वही के स्तर पर सुलझाया जाएगा। लेकिन केरल में मलयालम भाषा का मुद्दा बनना यह दिखाता है कि पहचान की राजनीति किस दौर में पहुंच गई है और भाजपा के हिंदुत्व व विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए पार्टियां किस हद तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा की बढ़ती ताकत से आशंकित हैं। इसलिए वे भाजपा के हिंदुत्व और विकास के नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए इस बार सिर्फ बांग्ला भाषा, अस्मिता व संस्कृति के नैरेटिव पर भरोसा नहीं कर रही हैं, बल्कि उसमें हिंदुत्व का तड़का भी लगा रही हैं। उन्होंने बुनियादी रूप से बांग्ला अस्मिता का मुद्दा बनाया है और बांग्ला भाषियों पर दूसरे राज्यों में हो रहे कथित उत्पीड़न को बार बार उठा रही हैं। लेकिन उनको इसकी सीमा का पता है क्योंकि यह मुद्दा उठाने के बावजूद पिछले सात–आठ साल में भाजपा 40 फीसदी वोट तक पहुंच गई है और यह बात ममता बनर्जी को चिंता में डाले हुए है। इसलिए उन्होंने इस बार हिंदुत्व का मुद्दा उसमें जोड़ दिया है।उन्होंने न्यू कोलकाता टाउन में दुर्गा आंगन की नींव रखी है, जहां सरकार 332 करोड़ रुपए में सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर बनवाएगी। इसी तरह सिलिगुड़ी में सबसे बड़े महाकाल मंदिर की नींव उन्होंने रखी। इस मंदिर पर करीब चार सौ करोड़ रुपए सरकार खर्च करेगी। इसकी नींव रखते हुए ममता ने जितनी बार श्हर हर महादेक्य और श्रक्षा करो महादेक्य के नारे लगाए उससे नरेंद्र मोदी के काशी में दिए जाने वाले भाषण याद आ गए।

# ब्रेकिंग द मिथ - होम इंश्योरेंस क्यों जरूरी है

लेखक– गुरदीप सिंह बत्रा, हेड – प्रॉपर्टी ≠, रिस्क इंजीनियरिंग, ग्लोबल अकाउंट्स व को–इंश्योरेंस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)



विजडम इंडिया ।

भारत में कई लोगों के लिए अपना घर खरीदना एक बहुत बड़ा सपना होता है. यह सिर्फ ईंटों और सीमेंट से बनी कोई इमारत नहीं, बल्कि यादों, सुकून और सुरक्षा से भरपूर एक जगह होती है. फिर भी, जहां लोग घर खरीदने या बनाने के लिए सालों साल पैसा जोड़ते हैं, वहीं उसे बीमा से सुरक्षित करने का खयाल बहुत कम लोग को आता है. भारत में होम इंश्योरेंस अभी भी बहुत ज्यादा प्रचलित नहीं है, और कई घर के मालिक मानते हैं कि इसकी जरूरत नहीं है, यह बहुत महंगा है या फिर इसकी शर्तों को समझना बहुत मुश्किल है. सच्चाई तो यह है कि होम इंश्योरेंस आपके घर और उसमें रखे सामान को आग, चोरी, बाढ़, भूकंप और ऐसी कई अनचाही घटनाओं से बचाने का एक आसान और असरदार तरीका है

होम इंश्योरेंस महत्वपूर्ण क्यों है

भारत में ऐसे कई जोखिम हैं जो घरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं. केरल में बाढ़, ओडिशा में चक्रवात और भूकंप इसके कुछ उदाहरण हैं. ऐसे हालात में घर की मरम्मत या दोबारा निर्माण पर लाखों रुपये का खर्च आ सकता है. इंश्योरेंस न होने पर घर के मालिकों को अक्सर अपनी बचत का सहारा लेना पड़ता है या फिर कर्ज लेना पड़ता है, जिससे लंबे समय तक आर्थिक दबाव बना रहता है. होम इंश्योरेंस ऐसे समय में एक सुरक्षा कवच का काम करता है. यह सुनिश्चित करता है कि किसी अनहोनी की स्थिति में मरम्मत या निर्माण का पूरा बोझ अकेले घर के मालिक पर न पड़े. इसके अलावा, होम इंश्योरेंस घर के अंदर मौजूद सामान, जैसे फर्नीचर, घरेलू उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स आदि को भी कवर करता है, जिन्हें दोबारा खरीदना अक्सर काफी महंगा पड़ सकता है.

होम इंश्योरेंस के बारे में आम गलतफहमियां

यह बहुत महंगा हैरू लोगों के होम इंश्योरेंस से दूर रहने की सबसे बड़ी वजह यह धारणा है कि इसका प्रीमियम उनकी पहुंच से बाहर होता है. जबकि सच्चाई यह है कि होम इंश्योरेंस पॉलिसीज काफी किफायती हो सकती हैं, खासकर जब आप इसकी तुलना किसी आपदा में होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान से करते हैं. बीमा कंपनियां ऐसे प्लान भी देती हैं जिनमें घर के मालिक अपने बजट के अनुसार कवरेज राशि और जरूरी ऐड–ऑन्स चुन सकते हैं. इसका मतलब यह है कि आपको उन कवर के लिए पैसे नहीं देने पड़ते जिनकी आपको जरूरत नहीं है. ज्यादा खर्च होने की यह सोच अक्सर सही जानकारी की कमी से पैदा होती है, न कि असली कीमत की वजह से.

यह अपने–आप सब कुछ कवर कर लेता हैरू एक और आम गलतफहमी यह है कि होम इंश्योरेंस पॉलिसी लेते ही हर तरह के नुकसान का कवर मिल जाता है. यह सत्य नहीं है. हर पॉलिसी में कुछ चीजें शामिल होती हैं और कुछ नहीं. भूकंप या आतंकी गतिविधियों जैसे खास जोखिमों से सुरक्षा पाने के लिए अक्सर अलग से राइडर या वैकल्पिक कवर जोड़ने पड़ते हैं. ये ऐड–ऑन्स पॉलिसी को ज्यादा व्यापक बनाते हैं. यह समझना बहुत जरूरी है कि पॉलिसी में क्या शामिल नहीं है, क्योंकि कई बार विवाद इसी वजह से होते हैं कि लोग ऐसे कवर की उम्मीद कर लेते हैं जो पॉलिसी में शामिल होते ही नहीं.

क्लेम कभी सेटल नहीं होतेरू बीमा कंपनियों पर भरोसे की कमी भी एक बड़ी वजह है. कई लोगों को लगता है कि इंश्योरेंस कंपनियां क्लेम खारिज करने के लिए बहाने ढूंढती रहती हैं. सच यह है कि कभी–कभी देरी या विवाद जरूर होते हैं, लेकिन अगर सही डॉक्यूमेंट्स दिए जाएं और नुकसान पॉलिसी की शर्तों के तहत आता हो, तो ज्यादातर क्लेम सेटल हो जाते हैं. आमतौर पर दिक्कत तब आती है जब घर के मालिक पॉलिसी को ध्यान से नहीं पढ़ते, जरूरी जानकारी साझा नहीं करते, क्लेम के समय जरूरी डॉक्यूमेंट्स नहीं देते, या फिर प्रोडक्ट को ठीक से समझे बिना पॉलिसी खरीद लेते हैं. क्लेम प्रक्रिया की सही जानकारी – जैसे बिल संभालकर रखना, नुकसान की फोटो लेना और समय पर सूचना देना – क्लेम को आसानी और बिना झंझट के सेटल होने की संभावना को काफी बढ़ा देती है.

मुझे इसकी जरूरत नहीं है, आपदाएं बहुत कम होती हैंरू कुछ लोगों का मानना है कि आपदाएं कभी–कभी ही होती हैं, इसलिए इंश्योरेंस की कोई खास जरूरत नहीं है. लेकिन भारत में बाढ़, चक्रवात, भूकंप और आग जैसी घटनाओं का खतरा बना रहता है. इसके अलावा चोरी या सेंधमारी से भी बड़ा नुकसान हो सकता है. भले ही आपदाएं रोज न हों, लेकिन जब होती हैं तो उनका असर बहुत भारी होता है और आर्थिक रूप से झकझोर देने वाला हो सकता है. इंश्योरेंस आपदाओं की भविष्यवाणी करने के बारे में नहीं है, बल्कि अनहोनी के लिए पहले से तैयार रहने के बारे में है.

यह सिर्फ घर के मालिकों के लिए है, किरायेदारों के लिए नहींरू एक आम गलतफहमी यह है कि होम इंश्योरेंस सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए होता है जिनके पास अपना घर है. जबकि सच्चाई यह है कि किरायेदारों को भी इससे फायदा मिल सकता है, क्योंकि इंश्योरेंस सिर्फ इमारत की सुरक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि घर के अंदर रखे सामान को भी कवर करती है. किरायेदार अक्सर फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण और निजी कीमती सामान पर अच्छी–खासी रकम खर्च करते हैं, जो चोरी, आग या पानी से होने वाले नुकसान जैसे जोखिमों के सामने असुरक्षित होते हैं. भले ही घर की संरचना मकान–मालिक की हो, लेकिन किरायेदार अपने सामान की सुरक्षा के लिए अलग से पॉलिसी ले सकते हैं.

भारत में होम इंश्योरेंस सिर्फ संपत्ति की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपकी आर्थिक स्थिरता और मानसिक शांति से भी जुड़ा हुआ है. कीमत, कवरेज और क्लेम से जुड़ी गलत धारणाओं के कारण कई लोग इससे दूर रहते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि होम इंश्योरेंस किफायती और बेहद जरूरी है. चाहे आप घर के मालिक हों या किरायेदार, प्राकृतिक आपदाओं, चोरी या दुर्घटनाओं से अपने घर और सामान की सुरक्षा करना एक स्मार्ट और जिम्मेदार विकल्प है. होम इंश्योरेंस को नजरअंदाज करने से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जबकि इसे अपनाने से आपकी सबसे कीमती संपत्ति – आपका घर – सुरक्षित रहता है।

लेखकरू गुरदीप सिंह बत्रा, हेड – प्रॉपर्टी UW] रिस्क इंजीनियरिंग, ग्लोबल अकाउंट्स व को–इंश्योरेंस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह–मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेगी। आज खर्चो की अधिकता रहेगी,

कन्या राशि–
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में अपनापन महसूस होगा।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में अभी और मेहनत करने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम बेहतर रहेगा।

मकर राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है।

कुंभ राशि
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, साथ ही आज किसी महत्वपूर्ण या राजनीतिज्ञ से मुलाकात फायदेमंद होगी। आज कारोबार में आपको फायदा होगा।

मीन राशि
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी।

साथ ही आज आपको किसी से उलझने से बचना चाहिए। आज आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

# धमकी के बाद मंडप की बुकिंग कैंसिल, साहिल के साथ हिंदू युवती की शादी टली

मेरठ। हिंदू सुरक्षा संगठन की धमकी के बाद मंडप की बुकिंग कैंसिल होने के साथ ही समुदाय विशेष के मंगेतर साहिल के साथ हिंदू युवती की 13 फरवरी को होने वाली शादी टल गई है। युवती और उसकी मां ने शादी टालने के निर्णय की जानकारी दी। इसे हिंदू संगठन की जीत के रूप में देखा जा रहा है। उधार, युवती की मां का कहना है कि अगर कोई हाथोहाथ मंडप दिलवा दे तो वह इसी तिथि पर बेटी की शादी कर सकती हैं, लेकिन परिस्थितियों ने लाचार कर दिया है। ऐसे में शादी कब होगी, यह कहना मुश्किल है।मवाना रोड स्थित पैराडाइज विवाह मंडप में हिंदू युवती की मुस्लिम युवक के साथ 13 फरवरी को शादी की तैयारी पर बुधवार को पानी फिर गया। मंडप स्वामी ने युवती की मां लता गौतम को फोन कर बताया कि उसे हिंदू संगठन की ओर से धमकी मिल रही है। ऐसे में बुकिंग कैंसिल करनी पड़ रही है। मंडप की बुकिंग रद्द होने के बाद युवती और उसकी मां ने शादी टाल दी।

हालांकि शादी पर उठे तूफान के बीच युवती की मां लता अपनी बेटी के साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं। मंडप वाले ने बताया कि धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में बुकिंग कैंसिल कर रहा हूं। इससे शुक्रवार को होने वाले शादी समारोह को स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा है। बुकिंग कैंसिल होने से बरातियों का स्वागत और शादी की रस्म पूरी करा पाना संभव नहीं है। ऐसे में शादी टालनी पड़ रही है। शादी कब होगी, इस सवाल पर मां लता ने कहा कि हाथों हाथ कोई अगर मुझे मंडप दिलवा दे तो मैं इसी तिथि पर शादी कर दूं। परिस्थितियों को देखते हुए मैं कोई निर्णय नहीं ले पा रही हूं। फिलहाल शादी कैंसिल करनी पड़ रही है।

युवती के चाचा को मिली धमकी, एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाईसमुदाय विशेष के युवक से भतीजी की शादी का विरोध करने वाले चाचा ने बुधवार को मोबाइल पर धमकी मिलने पर एसएसपी अविनाश पांडेय से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई। एसएसपी को उन्होंने बताया कि धर्मांतरण की प्राथमिकी वापस लेने की उन्हें मोबाइल पर धमकी मिल रही है। चाचा ने गंगानगर थाने में समुदाय विशेष के युवक साहिल के खिलाफ भतीजी का धर्मांतरण कराने संबंधी प्राथमिकी दर्ज कराई है।

गंगानगर थाने में बयान में कहा कि उसका धर्मांतरण नहीं कराया गया है। दोनों के परिवारों की सहमति से शादी का रिश्ता तय हुआ है।

उधर,एसएसपी कार्यालय पहुंचे युवती के चाचा ने बताया कि मंगलवार सुबह 7.40 बजे मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर अच्छा नहीं किया। शादी मत रोकवाना वरना अंजाम बुरा होगा। चाचा ने सुरक्षा की गुहार लगाई। एसपी क्राइम अवनीश कुमार ने इस मामले पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मेरठ मेट्रो का शुभारंभ करने के साथ इसमें यात्रा भी करेंगे मोदी, 22 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी

मेरठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को बहुप्रतीक्षित मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन (मेरठ साउथ से मोदीपुरम स्टेशन तक विस्तार) को हरी झंडी दिखाएंगे। उनका कार्यक्रम तय हो गया है। प्रधानमंत्री मेरठ साउथ स्टेशन से मोदीपुरम तक स्कूली बच्चों के साथ मेरठ मेट्रो की यात्रा भी करेंगे। उनके दौरे को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।नमो भारत ट्रेन में बैठकर अफसरों ने व्यवस्था परखीप्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल, एडीजी भानु भास्कर, कमिश्नर भानु चंद्र गोस्वामी, डीआइजी कलानिधि नैथानी, डीएम डा. वीके सिंह, एसएसपी अविनाश पांडेय, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय मीना ने गुरुवार को मेरठ साउथ स्टेशन से लेकर मोदीपुरम स्टेशन तक व्यवस्था परखी। शताब्दी नगर स्टेशन से मेरठ साउथ स्टेशन तक अधिकारी नमो भारत ट्रेन (त्चपक तंपस) में बैठे।हेलीकाप्टर से मोहिउद्दीनपुर आएंगे प्रधानमंत्रीप्रधानमंत्री 22 फरवरी को पूर्वान्ह 11.25 हेलीकाप्टर से मेरठ के मोहिउद्दीनपुर आएंगे। यहां वह मेरठ साउथ स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन के विस्तार और मेरठ मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। उसके बाद वह मेरठ मेट्रो में सवार होंगे। उनके साथ 100 स्कूली बच्चे भी रहेंगे। मेरठ साउथ स्टेशन से मोदीपुरम तक 23 किमी का सफर वह ट्रेन से करेंगे। सभी स्टेशनों पर प्रधानमंत्री का स्वागत होगा। मोदीपुरम से वह वापस ट्रेन से ही मोहिउद्दीनपुर आकर यहां दोपहर एक बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा के बाद दोपहर 2.30 बजे वह हेलीकाप्टर से नई दिल्ली जाएंगे।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रैपिड स्टेशन पर रंगाई पुताई का काम चल रहा है। हरियाली पर फोकस किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन पर पेड़ पौधे लगाए जा रहे है। रोड रोलर से जनसभा स्थल पर जमीन का समतलीकरण का काम शुरू हो गया है। 36 एकड़ जमीन पर टेंट लगाया जाएगा। मंच से कुछ ही दूरी पर तीन हेलीपैड बनाया जाएंगे। अधिकारियों ने स्थल पर जाकर समतलीकरण काम देखा और मंच, पार्किंग और हेलीपैड को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जनसभा स्थल तक आने वाले सभी लिंक रोड के मरम्मत करने के निर्देश दिए। कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। नमो भारत व मेरठ मेट्रो के मोदीपुरम स्टेशन तक संचालन के लिए सुरक्षा संबंधित अनुमति काफी पहले मिल चुकी है। यात्रियों के लिए आवश्यक प्रवेश–निकास द्वार तैयार हैं। तीनों भूमिगत स्टेशन भी तैयार हैं। मोदीपुरम स्टेशन व मोदीपुरम डिपो अभी निर्माणाधीन हैं, इसके पूर्ण होने में अभी समय लगेगा।

# घूसखोर पंडितरू मनोज वाजपेयी और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर पर मेरठ में केस दर्ज, ब्राह्मणों के अपमान का आरोप

मेरठ। अधिवक्ता आदेश शर्मा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में वेब सीरिज घूसखोर पंडित के प्रोडयूसर नीरज पांडे, डायरेक्टर रितेश शाह व मुख्य कलाकार मनोज वाजपेयी के विरुद्ध परिवाद दायर किया है। फिल्म के नाम को लेकर विवाद चल रहा है।अधिवक्ता दर्ज कराए परिवाद में कहा कि इस वेब सीरिज द्वारा ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का कार्य किया है। हमारा देश धर्म निरपेक्ष देश है और विभिन्न धर्म के लोग देश में रहते हैं। किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी धर्म पर कोई टिप्पणी करने व किसी धर्म को अपमानित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। उक्त वेब सीरिज द्वारा क्षेत्र में जातीय उन्माद होने व देश की एकता अखंडता को खतरा उत्पन्न किए जाने का गैर कानूनी कार्य किया गया है। नीरज पांडेय, रितेश शाह व मनोज वाजपेयी आदि द्वारा देश–प्रदेश के साथ–साथ कस्बा मवाना व आसपास के क्षेत्र में भी समाज में सौहार्द बिगाड़ने, एक वर्ग को लज्जित करने व शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। समुदाय के मध्य वैमनस्यता व्याप्त करने के उद्देश्य से उक्त वेब सीरिज का प्रसारण किया गया है। परिवादी स्वयं व अपने समाज को जातीय आधार पर अपमानित किए जाने से काफी क्षुब्ध हैं।

# गाजियाबाद की युवती रात डेढ़ बजे मेरठ के पार्क के सामने मिली, होश आने पर मामा को सौंपा

मेरठ। डेढ़ बजे नशे की हालत में एक युवती विक्टोरिया पार्क के सामने सड़क पर पड़ी मिली। युवती को कार सवार वहां पर उतारकर चले गए। शर्मानगर के लोगों ने बदहवास युवती को देखकर उसकी मदद की। कार में बैठाकर लोग उसे सिविल लाइंस थाने ले गए। पुलिस ने युवती के स्वजन की जानकारी जुटाई। उसके मामा पांड़व नगर में रहते है। रात करीब चार बजे मामा को बुलाकर युवती को सिपुर्द कर दिया। रात में युवती बयान देने की हालत में नहीं थी।

सिविल लाइंस थाने के शर्मानगर निवासी लवली कुमार एक कार्यक्रम से देर रात डेढ़ बजे कार में सवार होकर लौट रहे थे। तभी विक्टोरिया पार्क के समीप सड़क पर नशे की हालत में एक युवती पड़ी देखी। युवती माई हेल्प...माई हेल्प चिल्ला रही थी। तभी लवली ने युवती को उठाकर अपनी कार में बैठाया। वह अपना पता या परिवार के बारे में नहीं बता पा रही थी। सिर्फ इतना कह रही थी कि उसके साथ गलत काम कर किसी ने मारपीट की है। तभी लवली ने अपनी पत्नी और पड़ोसियों को बुलाया। शर्मानगर के काफी लोग एकत्र हो गए।युवती को तत्काल ही सिविल लाइन थाने ले गए, जहां पर दारोगा मोहित सक्सेना ने युवती को लेकर गए लोगों को कुछ समय के लिए थाने पर रोक लिया। युवती करीब तीन बजे कुछ होश में आई। तब उसने बताया कि वह गाजियाबाद के राजनगर की रहने वाली है। उसके मामा मिडनी पांड़व नगर में रहते है। पुलिस ने युवती के मामा को पांड़व नगर से बुलाकर उनके सिपुर्द कर दिया। दारोगा मोहित सक्सेना ने बताया कि सुबह युवती होश में आई। उसने अपना नाम ओसन बताया है, जो नोएडा की एक इवेंट कंपनी में मैनेजर है। गाजियाबाद के राजनगर में रहती है।मंगलवार को रैपिड में सवार होकर मेरठ दक्षिण स्टेशन पर पहुंची थी। वहां से आटो में सवार हो गई। उसके बाद कुछ युवकों ने उसे शराब पिलाकर कार में बैठाया। उसके बाद नहीं पता कि वह विक्टोरिया पार्क कैसे पहुंची? उसने गलत काम होने से इन्कार किया है।

# शादी समारोह में शामिल होने आए युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

मेरठ। लावड़ रोड स्थित मंडप में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए युवक को बाहर बुलाकर गाली गलौज की। विरोध करने पर युवकों ने बाराती को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबे के बीच मची अफरा–तफरी के दौरान आरोपित धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पल्लवपुरम थाने में केस दर्ज हुआ है। जिसके बाद पुलिस फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है।गंगानगर थाना क्षेत्र में गांव ललसाना निवासी अमित पुत्र कमरपाल की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है। अमित ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी की रात को रिश्तेदार का शादी समारोह लावड़ रोड स्थित राजेश्वरी मंडप में आयोजित था। इसी शादी में अमित शामिल होने गया था। शादी के दौरान दो युवकों ने उसे मंडप के बाहर बुलाया और गाली गलौज कर दी।अमित ने बेवजह बदसलूकी करने का विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसके लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इस बीच मंडप के बाहर अफरा तफरी मच गई। जब तक पीड़ित साथी वहां पहुंचे, तब तक हमलावर धमकी देकर भाग गए। पीड़ित अमित ने पल्लवपुरम थाने में तहरीर दी। अमित ने पुलिस से कहा कि हमलावर उसी के गांव के हैं, मगर वह उनका नाम नहीं जानता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों हमलावरों के पिता प्रेम और चोटी के नाम को उजागर करते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रमेश चंद्र शर्मा का कहना है कि केस दर्ज है।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या

## -दरवाजा लगाने को लेकर हुआ विवाद

मिल्कीपुर–अयोध्या। थाना कुमारगंज क्षेत्र के चौधरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चौधरीपुर गांव निवासी जमुना प्रसाद यादव 65 वर्ष अपने घर पर दरवाजा लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विपक्षी पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि विपक्षी मारपीट पर उतारू हो गए। मृतक के पुत्र राम अवतार ने बताया कि देवनारायण तथा गीता,राम विशाल समेत अन्य लोगों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जमुना प्रसाद के सिर पर लाठी से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। मारपीट में अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। वही बीच बचाव में वही बीच बचाव के दौरान मृतक की पत्नी प्रेमा देवी उम्र 60 वर्ष बेटा रामवतार एवं आशाराम तथा बहू कुसुम तथा अंजलि भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजन आनन–फानन में जमुना प्रसाद को उपचार के लिए संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष कुमारगंज संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है तथा जिन पर आरोप है उनको हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतक जमुना प्रसाद नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे और सेवानिवृत्ति थे ,महीनों से चल रहा था दोनों पक्षों में विवाद पुलिस ने पाबंद भी किया था।

# डीएम ने तहसील व ब्लाक मुख्यालय का किया निरीक्षण

**-एसआईआर के काम में पाई शिथिलता तेजी लाने के दिए निर्देश**
**-ब्लाक पर जीरामजी के कामकाज पर जताया संतोष**

सोहावल–अयोध्या।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को दोपहर बाद सोहावल तहसील मुख्यालय और ब्लाक का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सभी पटलों की जानकारी ली। कमियों की ओर इंगित करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सबसे पहले लगभग 1.30 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचे डीएम ने तहसीलदार न्यायालय,राजस्व निरीक्षक कक्ष,कंप्यूटर सेक्शन, मुहाफिस खाना,अधिवक्ता मुआयना कक्ष आदि का निरीक्षण किया। मुआयना कक्ष की हालत देख कर नाराजगी जताई और कहा लगता नहीं यहां मुआयना होता होगा। तहसील निरीक्षण पत्रावली एक भी कहीं नहीं खुली। लेकिन सतही निरीक्षण में ही कमियों की ओर इंगित करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिसमें एसआईआर,फर्नीचर,पेयजल और शौचालय का कुप्रबंधन शामिल रहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुश्री सविता देवी, एस डी एम न्यायिक पूर्णिमा सिंह तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह,नायब तहसीलदार रेशू जैन,नायब मसौधा इंद्रभूषण यादव आदि मौजूद रहे। इसके बाद ब्लाक मुख्यालय पहुंचे डी एम ने विकास खण्ड के सभी पटलों का निरीक्षण किया। जी राम जी और आवास के फाइलों को खोलकर भी देखा। कार्यालय स्थापना,एनआर एल एम की योजनाओं का जायजा लेते हुए हर कार्य को तेजी और पारदर्शिता से करने का दिशा निर्देश दिया। साथ ही चौधरी चरण सिंह सभागार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी सोहावल अनुपम वर्मा के कार्यों से संतुष्ट दिखे और सराहना की। यहां ए डी ओ आई एस बी मनोज तिवारी ए डी ओ पंचायत मनोज वर्मा मौजूद रहे।डीएम के दोनों मुख्यालयों के निरीक्षण के दौरान कहीं से बड़ी असंतुष्टि नजर नहीं आई।

# पंडित दीनदयाल का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय व कल्याण डा. बिजेंद्र सिंह

**-अवध विवि के श्रीराम शोध पीठ के सेमिनार सभागार में श्रद्धांजलि सभा व गोष्ठी का हुआ आयोजन**

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय श्रीराम शोध पीठ के सेमिनार सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन दीनदयाल शोध पीठ द्वारा कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। विचार संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व प्रांत प्रचारक कर्नाटक उत्तर क्षेत्र के गोपाल जी रहे। अध्यक्षीय उद्बोधान में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि दीनदयाल जी का मानना था कि किसी भी देश की प्रगति का पैमाना ऊँची इमारतों या जीडीपी से नहीं, बल्कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की स्थिति से मापा जाना चाहिए। उनका लक्ष्य था कि समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय और कल्याण। आज के परिपेक्ष में भारत की कई प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं इसी दर्शन पर आधारित हैं। कुलपति ने कहा कि एकात्म मानववाद पर पंडित दीनदयाल वैचारिक बिंदु के तहत मनुष्य केवल एक 'आर्थिक प्राणी' नहीं है। समाज का विकास तभी संभव है, जब मनुष्य के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का विकास एक साथ हो।मुख्य अतिथि गोपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय विचारधारा से प्रेरित था। उनके हृदय में सदैव राष्ट्र चिंतन रहा। छात्र जीवन से ही है सामाजिक उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। उनकी दृष्टि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ाने की रही। काफी विरोध के बावजूद भी पंडित जी का जीवन समाज में सामंजस्य स्थापित करने का रहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पत्रकारिता के माध्यम से संपूर्ण समाज को संजोने का कार्य किया है। वे समाज के निर्माण में रुचि लेने वाले महान व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। पंडित दीनदयाल का चिंतन था कि एक परिवार के साथ एक ग्रामीण क्षेत्र फिर समाज फिर देश का विकास होना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा व्यापार की वस्तु नहीं है। यह भेद भावपूर्ण कार्य है। भारत की की प्राचीन संस्कृति में कई शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार का माध्यम नहीं बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शैलेंद्र कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. मृदुला मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# रोजगारपरक शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत का मार्ग - प्रो. अनूप कुमार

## - सिंधी अध्ययन केंद्र में कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अमर शहीद संत कंवर राम साहब सिंधी अध्ययन केंद्र में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 11 फरवरी से लेकर 17 फरवरी तक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो अनूप कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। जैसे–जैसे समाज में परिवर्तन हो रहा है वैसे ही कौशल विकास भी बदल रहा है। प्राचीन ग्रामीण भारत पर दृष्टि डाले तो ग्राम सभाएं आत्मनिर्भर हुआ करती थी। क्योंकि उनके पास सभी तरह के प्रशिक्षित लोग समाज में मौजूद थे। आश्रम और गुरुकुल में भी योग, शिक्षा, युद्ध कला, संगीत जैसे कई प्रशिक्षण दिए जाते थे। परंतु धीरे–धीरे यह परंपरा लुप्त हो गई। इसी कारण आज पूरे भारत में कौशल विकास मिशन के तहत लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसीलिए स्किल मैपिंग चलाई जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. फर्रुख जमाल ने कहां की आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए नई शिक्षा नीति में प्रावधान किया गया है। सिर्फ शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है इसके लिए कुशल होना भी आवश्यक है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने कहा कि स्किल होना वर्तमान समय की मांग है। यही योग्यता अब पहचान बन रही है। भारत को विकसित और समर्थवान करने के लिए स्किल्ड बेस्ड शिक्षा आवश्यक हो गई है। नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. संजय पाठक ने कहा कि गारमेंट डिजाइनिंग, कुकिंग के क्षेत्र में असीमित रोजगार के अवसर है और भारत अपनी परंपराओं को आगे बढ़ते हुए इस क्षेत्र में कार्य कर रहा है। बड़ी–बड़ी कंपनियों ने यदि समय के साथ स्वयं को अपडेट नहीं किया तो उन्हें अपना प्लांट बंद करना पड़ा है। इसलिए यह आवश्यक है कि समय और मांग के अनुसार उद्यम चुना जाए। वर्तमान प्रवेश में और रूरल टूरिज्म बढ़ रहा है। इसके लिए पाककला में निपुणता आवश्यक है। कार्यशाला के प्रशिक्षक सुखराम साधवानी ने कहा कि सिंधी का संरक्षण आवश्यक है यह भारत की एक प्राचीन संस्कृति है। 11 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कौशल विकास के माध्यम से सिंधी पकवान पर कौशल विकास कार्यशाला, टाई एंड डाई पर कार्यशाला, सिंधी कढ़ाई तकनीक पर प्रमोशन का टूल्स इंवॉल्व पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन विनीता मोटवानी ने किया।

# योगी सरकार ने रामनगरी अयोध्या पर की धनवर्षा

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ सरकार ने बजट में रामनगरी अयोध्या के सर्वांगीण विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल 250 करोड़ रुपये की विशेष व्यवस्था की है। यह घोषणा अयोध्या को वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि श्री अयोध्या तीर्थ विकास परिषद द्वारा अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस राशि से राम मंदिर परिसर के आसपास बेहतर सड़कें, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल सुविधाएं, गेस्ट हाउस और अन्य पर्यटक सुविधाओं का विस्तार होगा। परिषद के माध्यम से अयोध्या को स्मार्ट और आधुनिक तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिल सके। इसके अतिरिक्त अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए अलग से 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इस धनराशि से शहर के अन्य हिस्सों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता अभियान, हरित क्षेत्रों का विस्तार, निर्माण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली योजनाएं चलाई जाएंगी। अयोध्या को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की पहल में भी इसे शामिल किया गया है। सरकार के इस फैसले से अयोध्या में पर्यटन उद्योग को नई गति मिलने की उम्मीद है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने बताया कि बजट मिलने के बाद कार्यों को गति मिलेगी। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। रोजाना लाखों लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। बजट में दिए गए इस अतिरिक्त फंड से अयोध्या न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत होगा।

# पांच दिन बाद नहर से बरामद हुआ लापता युवती का शव

गोसाईंगंज–अयोध्या। पारिवारिक विवाद के कारण नहर में कूद कर लापता हुई युवती का शव पांच दिन बाद दतौली के पास नहर से बरामद हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक बीते छह फरवरी को थाना महराजगंज इलाके के गोविंदपुर मजरे खानपुर निवासिनी सविता गौड़ उर्फ चुलबुली पुत्री स्व. बजरंगी पारिवारिक विवाद के कारण नाराज होकर घर से निकली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती ने नहर के किनारे अपनी चप्पल व मोबाइल रखकर नहर में छलांग लगा दिया था।मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी मे डूब गई।घ् ाटना के बाद से रेस्क्यू टीम लगातार शव की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने दतौली के पास नहर में एक शव को बहते हुए देखा,जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाया। शव की पहचान भाई उमेश गौड़ ने सविता गौड़ के रूप में किया।

# महाशिवरात्रि पर भजन व झांकी का होगा आयोजन

गोसाईंगंज अयोध्या। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोसाईंगंज कस्बे के कटरा मुहल्ले के पोस्टआफिस गली में स्थित रामेश्वर शिव मंदिर के शिव वाटिका में शिव भजन एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी पूर्व सभासद शशिकुमार अँगियार,अनूप गुप्ता व अरुण मोदनवाल ने सयुक्त रूप से देते हुए बताया कि भूतभावन भगवान भोलेनाथ के इस महापर्व पर रविवार को दिन के तीन बजे से कार्यक्रम शुरू होगा जो देर रात्रि तक चलेगा।कार्यक्रम की तैयारियां जोरों से चल रही है।वंही दूसरी तरफ कस्बे के रामबली स्कूल के पास से हनुमानसोनी की अगुवाई में भव्य शिव बारात निकलेगी जो तीनों बाजार भ्रमण करती हुई रामगंज स्थित शिव मंदिर पर जाकर समाप्त होगी।बारात के मुख्य आकर्षण हाथी,घोड़ा,भूत, पिशाच आदि होंगे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 13 फरवरी 2026
sheelshukla100@gmail.com


# जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने आज उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक की। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के लिए किए जा रहे सर्वे की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष रेट्रोफिटिंग कार्य पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पोस्ट जिओ टैगिंग में फोटो स्पष्ट रहें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होने विकास खण्ड कौशाम्बी एवं सिराथू में रेट्रोफिटिंग कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक विकास अधिकारी पं0 का तब तक वेतन रोके निर्देश दिए, जब तक रेट्रोफिटिंग का कार्य पूर्ण नही हो जाता है। इसके साथ ही उन्होने व्यक्तिगत शौचालयो के अवशेष 22609 रेट्रोफिटिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आर.आर.सी. संचालन की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सभी आर.आर.सी. सेन्टर का संचालन सुनिश्चित बनाए रखने एवं मुख्य विकास अधिकारी को समीक्षा कर विकास खण्डवार एस.ओ.पी. बनाने के निर्देश दिए। उन्होने विगत बैठक में दिए गए निर्देश कि प्रत्येक ब्लॉक में 05–05 ग्राम पंचायतो को चिन्हित कर, उन ग्राम पंचायतों में कूड़ा गाड़ी ई–रिक्शा की व्यवस्था, कार्मिकों की उपलब्धता, ग्राम से निकलने वाले कूड़ा का आंकलन, यूजर चार्ज, आर. आर.सी. सेन्टर पहुँचने वाला कूड़ा का आंकलन पंजिका में दर्ज कराने, विक्रय के लिए कबाड़ी से समन्वय आदि की अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान सहायक विकास अधिकारी पं0 से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को जोड़ा जाय तथा ब्लॉक के सभी ग्रामो को संतृप्त किया जाय। उन्होने सामुदायिक शौचालयो के संचालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयो की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखी जाय। जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पुरखास में निर्मित प्लास्टिक यूनिट में 17.85 कुन्तल एवं ग्राम टेंवा में निर्मित प्लास्टिक यूनिट में 19.12 कुन्तल प्लास्टिक एकत्र किया जा चुका है, जिसमे प्लास्टिक का धुलाई व छटाई का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से समन्वय कर बिक्रय की कार्यवाही प्रचलित है। वर्तमान में अन्य वेण्डरो से प्लास्टिक का बिक्रय करते हुए ओ.आर.एस. जनरेट किया जा रहा है।

# उदय श्याम इंटर कालेज व लिटिल लावर कान्वेंट स्कूल सिराथू का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**शिक्षा ही सफलता की कुंजी-सुखलाल मौर्य**

सिराथू, कौषाम्बी। सिराथू कस्बे में स्थित उदय श्याम इंटर कॉलेज एवं लिटिल लॉवर कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री के बड़े भाई सुखलाल मौर्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रमेश केसरवानी एवं प्रबंधक उमेश केसरवानी ने कार्यक्रम में पहुँचे अतिथियो का भव्य तरीके से स्वागत करते हुए अंगवस्त्र भेट किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओ ने सांस्.तिक प्रस्तुतियो, नृत्य, गीत, नाटक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों से सभी अतिथियो का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियो पर उपस्थित दर्शकों ने तालियो की गड़गड़ाहट से बच्चो का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होने छात्रो को अनुशासन और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियो की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियो के सर्वागीण विकास में सहायक होते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर रमेश केसरवानी ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को चेक प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने कहा कि शिक्षा से हम हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अनुपमा सिंह ने सभी अतिथियो, अभिभावको एवं विद्यार्थियो का आभार व्यक्त किया। इस दौरान, चेयरमैन रागिनी केसरवानी, विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा सिंह, एकता सिंह सहित विद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।

## चोरो ने घर के बाहर बंधे भैंस-भैंसा को किया पार

चरवा, कौषाम्बी। चरवा कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में मंगलवार की रात चोरो ने घर के बाहर बंधी कीमती भैस और भैंसा को पार कर दिया। सुबह मवेशियो को न देख मालिक के होश उड़ गए। उसने उनकी काफी खोजबीन की। सुराग न मिलने से निराश होकर भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है। बलीपुर टाटा गांव निवासी कल्लू राम पुत्र राम खेलावन मजदूरी करने के साथ ही पशुपालक भी है। उसके मुताबिक वह अपने मवेशियों को घर के बाहर मैदान में बांधता है। मंगलवार की शाम रोजाना की तरह मवेशियो को चारा खिलाने के बाद वह घर के अंदर चला गया। इसी दौरान वाहन लेकर पहुँचे चोरो ने उसकी एक कीमती भैंस और भैंसा को पार कर दिया। सुबह चारा देने उठे मालिक के मवेशियो को न देख होश उड़ गए। उसने उनकी काफी खोजबीन की। कही सुराग न लगने से निराश होकर भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरो के सुराग में जुट गई है।

## दबंग पर युवक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज

तिल्हापुरमोड़, कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मिन्हाजपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दबंग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। मिन्हाजपुर गांव निवासी कलीम उल्ला पुत्र अनवर अली ने बताया कि नौ फरवरी की शाम वह कब्रिस्तान स्थित अपने पिता की कब्र पर अगरबत्ती जलाकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान आश्रम के समीप सुनील पुत्र छेदीलाल को गांव का ही मेंहदी हसन उर्फ अनुज प्रताप सिंह पिटाई कर रहा था। कलीम उल्ला के विरोध करने पर उसने उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद कलीम के ऊपर हमला करने के लिए मेंहदी हसन ने अपना कुत्ता छोड़ दिया। इससे कलीम उल्ला को काफी चोटे आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगो ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मेंहदी हसन उर्फ अनुज प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## बीआरसी लिपिक पर शिक्षिका ने लगाया अभद्रता करने का आरोप

चायल, कौषाम्बी। मूरतगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टीका का पूरा में तैनात सहायक अध्यापिका ने चायल बीआरसी में तैनात लिपिक पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़ित अध्यापिका ने बीईओ चायल से शिकायत कर मामले में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। सहायक अध्यापिका शुचि जोशी के मुताबिक जून 2025 में उनका स्थानांतरण चायल से मूरतगंज ब्लाक प्राथमिक विद्यालय टीका का पूरा में हुआ था। लेकिन उनकी सेवा पुस्तिका अब तक चायल खंड शिक्षा कार्यालय में ही लंबित है। सेवा पुस्तिका मूरतगंज बीआरसी भेजवाने के लिए उन्होने सितम्बर 2025 से कई बार मौखिक और लिखित रूप से लिपिक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी से संपर्क किया, लेकिन चार माह से वह लगातार टालमटोल कर रहा है।

## बच्चे से जूता साफ कराने का शिक्षक पर आरोप, परिजनो में आक्रोश

चायल, कौषाम्बी। स्थानीय विकास खंड के कमालपुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक अध्यापक पर छात्रा से जूता साफ कराने का आरोप लगने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और विद्यालय पहुंचकर विरोध जताया। मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है। कमालपुर गांव निवासी रंगीलाल गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है। रंगीलाल का आरोप है कि बुधवार को वह स्कूल पढ़ाई करने के लिए गया था।

## पेट्रोल पंप कर्मी से उचक्को ने दस हजार की ठगी

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। थाना क्षेत्र के पुनवार में स्थित तोषिनी यूल सेंटर पेट्रोल पंप में मंगलवार की दोपहर एक बिना नंबर के मारुति सवार उचक्को ने डीजल लेने के बाद सेल्समेन रंजीत पाल से दस हजार की ठगी कर लिया। मामले में जब जानकारी हुई तो पेट्रोल पंप कर्मियो में हड़कंप मच गया। पीड़ित कर्मी ने थाने में लिखित तहरीर देकर ठगी करने वाले उचक्को पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। तहरीर में पेट्रोल पंप कर्मी ने बताया कि एटीएम मशीन मे लगाने के बाद सेल्समेन ने दस रुपए का एमाउंट लिखकर मारुति सवार को पिन नंबर लिखने को कहा उसने एमाउंट बदलकर सौ रुपए 10 पैसा लिखकर सेल्समैन को मशीन दे दिया। उसने देखा कि मात्र सौ रुपए 10 पैसा ही एटीएम से कटे। मारुति सवारी से सेल्समेन सौ रुपए 10 पैसा मिलने की बात कही मारुति सवार ने बोला कि गलती हो गई। दोबारा फिर मारुती सवार ने एटीएम लगाकर बैक डेट 8 फरवरी की 10 हजार की पर्ची निकालकर सेल्समैन को दिया और बोला कि मेरी गाड़ी अब नही आ पाएगी। मुझे नगद 10 हजार रुपए दो। सेल्समैन ने नगद मारुति सवार को पैसा दे दिया। इसके बाद मारुति सवार फरार हो गये। भीड़ होने के कारण सेल्समेन ने पर्ची की डेट नही देख पाया था। वही तहरीर मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# भाकियू ने समस्याओ का पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

चायल, कौषाम्बी। भारतीय किसान यूनियन अबांवता गुट के कार्यकर्ताओ ने बुधवार को चायल तहसील परिसर में एक बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष ने स्वास्थ्य, सड़क और पानी संबंधित समस्याओ के विरोध में जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांण्डेय ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार ज्ञापन देने के बावजूद उनकी मांगो को प्रशासन बिल्कुल भी गंभीरता से नही ले रहा है। उनकी समस्याओ की बार–बार अनदेखी की जा रही है। उन्होने जिम्मेदारो को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओ का निपटारा जल्द नहीं किया गया तो वह कार्यकर्ताओ समेत प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जिलाध्यक्ष ने एसडीएम से कहा कि चायल स्थित यूनानी अस्पताल का खपरैल भवन जर्जर हो चुका है। मरीजो को बैठने तक की जगह नही है। बारिश में दवाएं भीग जाती है। कस्बा चायल में आशा बहूओ की नियुक्ति नही की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाओ को प्रसव और जच्चा और बच्चा के टीकाकरण में परेशानी उठानी पड़ती है। चायल स्थित भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया में ट्रेजरी बंद होने से लोगो को 40 किलोमीटर दूर मंझनपुर मुख्यालय जाना पड़ता है। बैंक में ट्रेजरी जमा करने की अनुमति दिया जाए। विकास खंड नेवादा के पिपरहटा गांव में किसानो की 150 बीघा भूमि सिंचाई के आभाव में परती पड़ी रहती है। डेढ़ साल पहले ओंकार द्विवेदी की भूमि चिन्हित होने के बावजूद राजकीय नलकूप की बोरिंग नही हुई है। इससे किसानो में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। सीएचसी चायल में वाया गांधी नगर आने जाने वाला मार्ग जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गया है। मरीजो को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। जिसे तत्काल मरम्मत करवाया जाए। एसडीएम अरुण कुमार ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओ के निस्तारण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## आधीरात भदोखर थाना पहुंचे एसपी मचा हड़कंप

रायबरेली।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार बुधवार की आधी रात अचानक भदोखर थाने पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने थाने के एक–एक डेस्क व पटल के अलावा अभिलेखों की बारीकी से जांच की और थानाध्यक्ष को व्यवस्था दुरुस्त बनाने के लिए निर्देशित किया।एसपी के थाने पर पहुंचते ही पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। सभी कर्मचारी अपनी–अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुट गए। कप्तान ने इंस्पेक्टर राकेश चंद्र के साथ थाने के महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मेस, बैरक, बंदीग्रह का बारीकी से निरीक्षण किया। कप्तान ने महिला एवं साइबर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण व साफ सफाई सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कानून व्यवस्था दुरुस्त व आमजन से मधुर व्यवहार व अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया।

## सड़क हादसे में युवक घायल

महराजगंज,रायबरेली।रायबरेली जा रहे युवक की बाइक कुत्ते से टकराकर सड़क पर गिरने से बाइक सवार युवक का दाहिना पैर फैक्चर हो गया। आसपास के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार की सुबह मझिगवां निवासी अमित 30 वर्ष बाइक से अपनी पत्नी दीक्षा को लेकर इलाज के लिए रायबरेली जा रहे थे। जैसे ही वह सोथी गांव के पास पहुंचे अचानक सामने से एक कुत्ता आ गया। जिससे टकराकर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना में अमित का दाहिना पैर फैक्चर हो गया। जबकि पत्नी दीक्षा को मामूली चोट ही आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल अमित को सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सक संजय राय ने बताया कि अमित के दाहिने पैर में फैक्चर हो गया है। बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत

महराजगंज,रायबरेली।महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ताजा मामला कस्बा महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हैदरगढ़ रोड स्थित साहू इंटरप्राइजेज का है, जहां बीती रात चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार चोर चोरी की नीयत से किराना स्टोर पर पहुंचे, लेकिन दुकान का शटर बंद मिला। इसके बाद भी उनके हौसले पस्त नहीं हुए और उन्होंने दुकान के बाहर खड़े ई–रिक्शा को निशाना बना लिया। चोर ई–रिक्शा की दो बैटरियां खोलकर चोरी कर ले गए।बताया जा रहा है कि चोरों की आहट सुनकर परिजन जाग गए और शोर मचाया। शोर सुनते ही चोर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो चोर बिना किसी डर के वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

## ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को भेजा 7 सूत्रीय मांग पत्र

बस्ती । बुधवार को सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। ज्ञापन में संगणक से सहायक अभियन्ता ' सिविल' पद पर वर्षो से लम्बित उत्पन्न बाधाओं को दूर कराकर प्रोन्नति कराये जाने आदि की मांग शामिल है।ज्ञापन में ड्राइंग संवर्ग के पदों का पुर्नगठन, अवर अभियन्ता की भांति ग्रेड पे इग्नोर कर वेतनमान दिये जाने, ड्राइंग संवर्ग के कार्मिको को अवर अभियन्ता सिविल ध्यांत्रिक के पद पर प्रोन्नत हेतु पृथक से कोटा निर्धारित किये जाने, ड्राइंग संवर्ग के पदों पर 1–1–1996 से व्याप्त वेतन विसंगति दूर किये जाने, विभागीय प्रशिक्षण दिये जाने आदि की मांग शामिल है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद ने मांगों का समर्थन करते हुये ।

# प्रदेश सरकार ने शिक्षकों और कर्मियों को दी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

रायबरेली संवाददाता। प्रदेश सरकार ने अपने दसवें बजट में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा संविदा एवं मानदेय आधारित कर्मियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की नई योजना लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा से रायबरेली जनपद के 10000 से अधिक कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा। कर्मचारियों ने सरकार की इस पहल को एक महत्वपूर्ण और राहतकारी कदम बताया है। शिक्षकों का कहना है कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था की मांग कर रहे थे, जिसे अब सरकार ने पूरा किया है।शिक्षिका योगिता सिंह ने इस निर्णय को शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा से आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक दबाव कम होगा और शिक्षक निश्चिंत होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना न केवल शिक्षकों बल्कि उनके परिवारों के लिए भी सुरक्षा कवच साबित होगी। इसमें शिक्षामित्र ,अनुदेशक रसोईयों को भी शामिल किया जाना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को गंभीरता से लिया है। वित्त विहीन शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी ने इसे कर्मचारी हितैषी बजट बताते हुए कहा कि पहली बार वित्त विहीन शिक्षकों की ओर सरकार ने ध्यान दिया है यह स्वागत योग्य है। शिक्षक अरुण सिंह ,अजय त्रिपाठी,श्रीकांत तिवारी ने खुशी जताते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्त होकर शिक्षक अब और अधिक समर्पण के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दे सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि योजना का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि सभी पात्र कर्मियों को समयबद्ध तरीके से इसका लाभ मिल सके।

### यूजीसी के नये नियमों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर मेधा ने शुरु किया अनिश्चितकालीन धरना

बस्ती। यूजीसी के नये नियमों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। बुधवार को मेधा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी के नेतृत्व में गांधी कला भवन के स्थित बापू प्रतिमा के निकट अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि जब तक यूजीसी का भेदभाव पैदा करने वाला कानून वापस नहीं लिया जाता मेधा चरणबद्ध आन्दोलन जारी रखेगी।मेधा पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रूद्र आदर्श पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षा परिसरों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी नए नियमों के विरोध में आन्दोलन जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी ने पौधारोपण अभियान-2026 के अन्तर्गत सभी कार्यवाही समयबद्ध पूर्ण कराने के दिए निर्देश

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पौधारापेण अभियान–2025 के अन्तर्गत रोपित किए गए पौधो की जीवितता की समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि पौधा रोपित किए गए 50 साइटो का भ्रमण कर आख्या उपलब्ध कराई जाय। उन्होने कहा कि ग्रामो में नियमित रूप से ग्रीन चौपाल का आयोजन कराया जाय। प्रत्येक ब्लॉको में रोपित किए गए विशिष्ट वनो के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होने सदस्य, जिला गंगा समिति विनय पण्डा के अनुरोध पर अधिशासी अधिकारी, दारानगर को कुबरी घाट पर साफ–सफाई, शेड, शौचालय, पेयजल एवं डस्टबिन आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने प्रभागीय वनाधिकारी को सिविल सोसाइटी व युवाओ को सम्मिलित करते हुए वृहद स्तर पर गंगा स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होने सहायक अभियंता, सिंचाई को कुबरी घाट एवं कलेश्वर घाट को जोड़ने सम्बन्धी डी.पी.आर. 10 दिन के अन्दर तैयार कर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि पौधारोपण अभियान–2026 के अन्तर्गत जनपद को 39 लाख 73 हजार 100 पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित विभागो के अधिकारियो के साथ बैठक कर पौधारोपण से सम्बन्धित सभी कार्यवाही समयबद्ध पूर्ण करा लिया जाय तथा नवाचार भी किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति तथा रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमो की प्रगति की समीक्षा

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में उत्तर प्रदेष रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति तथा रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमो की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान लक्ष्य 29 के सापेक्ष 25 रोजगार मेले का आयोजन एवं लक्ष्य 48 के सापेक्ष 25 कैरियर काउन्सिलिंग आयोजित पाये जाने पर सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने रोजगार प्राप्त युवाओ के फालो–अप की जानकारी न होने पर सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को लक्ष्य 4902 के सापेक्ष समूह गठन में प्रगति लाने तथा उपायुक्त मनरेगा को मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना की समीक्षा के दौरान जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को लक्ष्य 10 के सापेक्ष शत–प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लक्ष्य 111 के सापेक्ष 79 प्रगति, सीएम युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य 1700 के सापेक्ष 1604 की प्रगति व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में लक्ष्य 900 के सापेक्ष 150 की प्रगति पाए जाने पर उपायुक्त उद्योग को शत–प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने प्रधानाध्यापक राजकीय आई.टी.आई. को लक्ष्य 700 के सापेक्ष शत–प्रतिशत रोजगार मेला का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में लक्ष्य 2180 के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 27 एवं 28 फरवरी को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने अधिकारियो को गौशालाओ में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के दिए निर्देश

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में गोसंरक्षण के सम्बन्ध में जिलास्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्साधिकारियाँ को नियमित रूप से गौशालाओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियो एवं पशु चिकित्साधिकारियो से गौशालाओ में भूसा–चारा की उपलब्धता व गोवंशो की संख्या के सापेक्ष शेड आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गौशालाओ में लगाए गए सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखी जाय तथा उसकी फीड अपने मोबाइल में भी रखा जाय। उन्होने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशालाओ में सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता की आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने चारागाह की भूमि का प्रबन्धन व चारा उत्पादन की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियो को चारे की बुआई में शत–प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारियो से गौशालाओ की जॉच कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी को 03 रिक्त उचित दर दुकानो को नियमानुसार शीघ्र नियुक्ति कराने के निर्देश देते हुए कहा कि दुकान रिक्त होने पर नियमानुसार समयबद्ध नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण करा लिया जाय। उन्होने ई. के.वाई.सी. एवं अवशेष 18 यूनिटो पर आधार सीडिंग में शत–प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लोगो को राशन कार्ड से लाभान्वित किया जाय, किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाय। उन्होने निर्माणाधीन 26 अन्नपूर्णा भवनो की समीक्षा के दौरान कहा कि सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराई जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रो एवं अन्नपूर्णा भवनो का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

कौषाम्बी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में ग्राम्य विकास के कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रो एवं अन्नपूर्णा भवनो के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# पाकिस्तान मैच से पहले टीम इण्डिया की अग्निपरीक्षा, अभिषेक-इशान को लेकर टेंशन

टी20 विश्व कप 2026 में नामीबिया के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय टीम गंभीर चोट संकट से जूझ रही है, जिसमें सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन का खेलना संदिग्ध है। कोच गौतम गंभीर के सामने एक संतुलित प्लेइंग इलेवन चुनने की बड़ी चुनौती है, जहाँ जसप्रीत बुमराह की वापसी लगभग तय मानी जा रही है।भारतीय क्रिकेट टीम आगामी टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप ए में नामीबिया के खिलाफ होने वाले मैच की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए एक संभावित संकट से जूझ रही है। हालांकि भारत ने अमेरिका के खिलाफ अपने पिछले मैच में जीत हासिल की, लेकिन प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं था, जिससे टीम के सामने सवालों की झड़ी लग गई है। कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले को देखते हुए टीम प्रबंधन ने बिना किसी बाधा के तैयारी की उम्मीद की थीय लेकिन इसके विपरीत, उन्हें मेडिकल रूम में भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है।सबसे बड़ी चिंता अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की विस्फोटक सलामी जोड़ी को लेकर है। शर्मा, जिनकी आक्रामक बल्लेबाजी भारत की हालिया रणनीति की पहचान रही है, पेट की गंभीर समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे। हालांकि उन्हें बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई, लेकिन शारीरिक रूप से थकावट के कारण उनका जल्द वापसी करना मुश्किल लग रहा है। उनकी अनुपस्थिति में संजू सैमसन सलामी बल्लेबाजी के लिए प्रबल दावेदार हैं। हालांकि, चयन संबंधी मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब ईशान किशन नेट सेशन के दौरान चोटिल हो गए, जिससे रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है और सूर्यकुमार यादव या तिलक वर्मा को शीर्ष बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है। ओपनिंग स्लॉट के अलावा, कई अन्य बदलावों की भी उम्मीद है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को बरकरार रखना चाहता है। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने विशेष रूप से चोट और बीमारी



की समस्याओं को देखते हुए एक चुनौतीपूर्ण चुनौती है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में तेज बुखार के कारण बाहर रहने के बाद, भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्लेइंग इलेवन में वापसी की उम्मीद है। उन्हें टीम में शामिल करने के लिए, प्रबंधन को मोहम्मद सिराज के बारे में एक कठिन निर्णय लेना पड़ सकता है, भले ही सिराज ने पिछले मैच में प्रभावशाली तीन विकेट लिए हों।दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मैच में स्पिन गेंदबाजों को अक्सर मदद मिलती है, इसलिए कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने की मांग बढ़ रही है। अगर पिच सूखी हुई लगती है, तो वह किसी सीमर या यहां तक कि वरुण चक्रवर्ती की जगह लेकर कलाई की स्पिन गेंदबाजी को एक नया आयाम दे सकते हैं। साइड स्ट्रेन से उबर चुके वाशिंगटन सुंदर अब उपलब्ध हैं। पावरप्ले में गेंदबाजी करने और निचले क्रम में बल्लेबाजी को मजबूती देने की उनकी क्षमता उन्हें रिंकू सिंह की जगह लेने का एक मजबूत दावेदार बनाती है, अगर टीम नामीबिया के मध्य क्रम के खिलाफ अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प चुनती है।

# नामीबिया का भेदभाव का आरोप, आईसीसी ने बताई नाईट ट्रेनिंग न देने की वजह,

टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच से पहले, नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने रात में ट्रेनिंग का मौका न मिलने पर निराशा जताई है, क्योंकि उनके देश में लाइट्स की सुविधा नहीं है। उन्होंने इसे एक बड़ा झटका बताया, जबकि भारत और कनाडा जैसी टीमों को रात में अभ्यास करने का अवसर दिया गया।नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने निराशा व्यक्त की क्योंकि उनकी टीम को नई दिल्ली में भारत के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैच से पहले लाइट ट्रेनिंग सेशन नहीं दिया गया। नामीबिया गुरुवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चौंपियन भारत से भिड़ेगी। इरास्मस ने कहा कि यह नामीबिया के लिए एक बड़ा मौका गंवाना है, क्योंकि उनके पास घरेलू मैदान पर मैच खेलने या लाइट्स के नीचे ट्रेनिंग करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। इरास्मस ने भारत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि नामीबिया में हमारे पास लाइट्स नहीं हैं। बुनियादी ढांचे के लिहाज से, यही हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। तो हां, यह कोई मामूली बात नहीं है। नेपाल प्रीमियर लीग, आईएलटी20 और हमारे द्वारा खेले गए विश्व कप में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर, बाकी खिलाड़ी लाइट्स के नीचे ट्रेनिंग करने के आदी नहीं होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हां, इस मैच से पहले हमें रात में ट्रेनिंग का मौका नहीं दिया गया। पता नहीं क्यों। मुझे लगता है भारत की दो रात की ट्रेनिंग हुई हैं और मैंने बाहर देखा है कि कनाडा की भी अब रात



में ट्रेनिंग होने वाली है। तो आप इसका जो मतलब चाहें निकाल लें, लेकिन हम तो बस मैदान पर उतरेंगे और नामीबिया के तरीके से खेलेंगे, यानी डटकर मुकाबला करेंगे।

ESPNcricinfo के अनुसार, आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि नामीबिया की तरफ से रोशनी में ट्रेनिंग सत्र का अनुरोध बहुत देर से आया था। एक प्रवक्ता ने कहा कि सभी टीमों को टूर्नामेंट से काफी पहले – 27 जनवरी को – ट्रेनिंग का शेड्यूल दे दिया गया था और जहां तक घ्संभव था, समय में बदलाव के अनुरोधों पर विचार किया गया था। हालांकि, नामीबिया का अनुरोध पिछली रात (10 फरवरी) को आया – शेड्यूल में बदलाव करने के लिए बहुत देर हो चुकी थी।

# टी 20 विश्व कप अमेरिका से मिले सबक के बाद बदला टीम इण्डिया का गेम प्लान,सूर्यकुमार यादव व तिलक वर्मा पर नई जिम्मेदारी

टी20 विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ शुरुआती झटकों के बाद, भारतीय टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति में बदलाव किया है और अब मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव व तिलक वर्मा पर पारी को संभालने तथा दबाव की स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए मशहूर भारतीय टीम ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में पैदा हुए हालात के बाद अपनी रणनीति में बदलाव की जरूरत महसूस की। टीम प्रबंधन को अपनी योजनाओं पर फिर से विचार करना पड़ा क्योंकि अमेरिका के खिलाफ मैच में असमान उछाल विकेट पर टीम ने 77 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को संकट से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई।पिछले छह महीनों में टी20 बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित करने वाले तिलक वर्मा ने कहा कि अगर विकेट जल्दी



गिरते हैं तो मध्यक्रम में समय लेकर खेलना बहुत जरूरी है। टीम ने तीसरे और चौथे नंबर पर उन्हें और सूर्यकुमार को क्रीज पर डटे रहने की जिम्मेदारी सौंपी है। तिलक ने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो तकनीक में मामूल बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''हमने इस बारे में बात की है कि तीसरे और चौथे नंबर पर हमने अच्छा किया है। विशेषकर मैंने और सूर्या भाई ने, हम अच्छी तरह से एक रन चुरा लेते हैं, गैप ढूंढते हैं। क्योंकि सलामी बल्लेबाज अभिषेक और ईशान छक्के जड़ने की जिम्मेदारी संभालते हैं।संजू भाई भी इसमें ही शामिल हैं, वह हिट करेंगे। और इनके नीचे के बल्लेबाज हमारे ताकतवर बल्लेबाज हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में छह से 16 ओवर के बीच अच्छा खेलने वाली टीम जीतती है। इसलिए हमने तीसरे नंबर और चौथे नंबर पर यह जिम्मेदारी ली है कि हम दबाव भरे हालात को संभालेंगे।'' मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी कहा कि अगर विकेट जल्दी गिरते हैं तो एक–दो ओवर खेलकर स्थिति को संभालना जरूरी है। तिलक ने कहा, ''गौतम सर ने हमसे ज्यादा कुछ नहीं कहा लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसी दबाव भरी स्थिति में हमें परिस्थितियों को थोड़ा जल्दी समझना चाहिए। हमने अमेरिका के खिलाफ एक दो विकेट ज्यादा दे दिए।'' तिलक ने कहा, ''हम आक्रामक दृष्टिकोण जानते हैं। लेकिन जब विकेट गिरते हैं तो हम एक दो ओवर के लिए रूक सकते हैं और फिर बल्लेबाजी की गहराई को देखते हुए फिर से तेजी पकड़ सकते हैं।''सर्जरी के बाद वापसी करने वाले तिलक यह देखकर खुश हैं कि उन्होंने टी20 विश्व कप के लिए पूरी फिटनेस हासिल कर ली है जबकि उन्होंने पिछले महीने ही 'ग्रोइन' सर्जरी करवाई थी। सर्जरी से उबरने के दौरान तिलक ने टीम के लिए विश्व कप फाइनल जीतने की कल्पना की। उन्होंने खेल से दूर रहने के समय के बारे में भी बात की। तिलक ने कहा, ''जब मेरे हाथ में दो तीन दिन तक बल्ला नहीं होता तो अजीब लगता है। लगता है जैसे मैं किसी दूसरी दुनिया में आ गया हूं। मैं लगातार कल्पना करता रहता हूं कि मैं विश्व कप फाइनल खेल रहा हूं।

# रविचंद्रन अश्विन ने किया पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक का समर्थन, बोले- आईसीसी नियमों के हिसाब से एक्शन सही

पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक के अनोखे गेंदबाजी एक्शन पर क्रिकेट जगत में बहस छिड़ गई है, जिसमें रविचंद्रन अश्विन ने उनके श्पॉजश को वैध बताया है, जबकि आकाश चोपड़ा ने बिना रन–अप के गति में बदलाव पर तकनीकी सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक अपने अनोखे 'स्टॉप एंड पॉज' 'साइड–आर्म एक्शन' के कारण क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं और भारत के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने खुलकर उनके गेंदबाजी एक्शन का समर्थन किया है। तारिक ने चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 11 विकेट लिए हैं। सभी टी20 मैच में उन्होंने 42 मैच में 70 विकेट लिए हैं जो शानदार रिकॉर्ड है।कोलंबो के धीमे प्रेमदासा ट्रैक पर वह आक्रामक भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकते हैं। पाकिस्तान उनका ज्यादा इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन अमेरिका के बल्लेबाज जैसे मिलिंद कुमार उनकी गेंदों के खिलाफ असहज दिखे। तारिक अपने अनोखे एक्शन और बिना स्पष्ट लय बदले गति में बदलाव



के साथ लगातार प्रभावी रहे। रविवार को कोलंबो में भारत–पाक मुकाबले से पहले तारिक क्रिकेट जगत में चर्चा का केंद्र बन गए हैं।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने उनके गेंद डालते समय रुकने (पॉज) को अवैध बताया जबकि अश्विन की राय अलग है। अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, ''सबसे पहले स्पष्ट कर दूं। उनके एक्शन की वैधता की जांच केवल आईसीसी के 'बॉलिंग एक्शन टेस्टिंग सेंटर' में ही हो सकती है।'' उन्होंने कहा, ''15 डिग्री का नियम है जिसके तहत गेंदबाज को अपनी कोहनी को निर्धारित सीमा से अधिक सीधा नहीं करना चाहिए। मैदान पर अंपायर के लिए यह तय करना लगभग असंभव है कि गेंदबाज 15 डिग्री के भीतर गेंदबाजी कर रहा है या नहीं। इसका समाधान 'रियल–टाइम टेस्टिंग टूल' है। यह एक अस्पष्ट क्षेत्र (ग्रे एरिया) है और किसी को इसका फायदा उठाने के लिए दोष देना गलत है। 'हालांकि अश्विन इसे अवैध नहीं मानते कि कोई इसका फायदा उठा रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि तारिक एक बल्लेबाज के 'ट्रिगर मूवमेंट' पूरा करने और शॉट की अंतिम स्थिति में पहुंचने का इंतजार करते हैं और उसके बाद ही गेंद डालते हैं। लेकिन अश्विन के अनुसार यह पूरी तरह वैध है। उन्होंने कहा, ''अगर क्रीज पर 'पॉज' की बात है तो मेरा मानना है कि यह पूरी तरह वैध है क्योंकि यही उनका नियमित एक्शन है।'' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व टीम प्रदर्शन विश्लेषक प्रसन्ना अघोरम ने भी कहा कि तारिक 'चकिंग' नहीं कर रहे। उन्होंने इमरान ताहिर जैसे शीर्ष स्पिनरों के साथ काम किया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''तकनीकी रूप से तारिक 'चकिंग' नहीं कर रहे। उनके एक्शन को पहले ही दो बार हरी झंडी मिल चुकी है।अगर फिर बुलाया भी गया तो उनका एक्शन सही निकलेगा। उम्मीद है कि इस खास प्रतिभा पर स्वस्थ चर्चा होगी।'' भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी इस गेंदबाज के रूकने पर सवाल नहीं उठाया, लेकिन एक तकनीकी सवाल जरूर पूछा। उन्होंने लिखा, ''मुझे लगता है कि 'पॉज' बिल्कुल ठीक है। लेकिन मेरा एक सवाल है कि अगर 'रन–अप' से कोई 'मोमेंटम' नहीं बन रहा तो क्या बिना हाथ मोड़े कुछ गेंदों पर 20–25 किमी प्रति घंटा की रफ्तार बढ़ाना संभव है?'' पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी ने भी तारिक के एक्शन को सही बताया।

# आयुष म्हात्रे की ऐतिहासिक कप्तानी, सचिन तेंदुलकर से मिला खास तोहफा

आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम ने अंडर–19 विश्व कप 2026 का खिताब जीता, जिसके बाद मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने उन्हें अपनी हस्ताक्षरित टेस्ट जर्सी देकर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट में वैभव सूर्यवंशी 439 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने, जो भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।जिम्बाब्वे में इतिहास रचकर लौटे भारत अंडर–19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे अब मुंबई में हैं और उनकी यह वापसी यादगार पलों से भरी रही। बता दें कि उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को फाइनल में सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर–19 विश्व कप का खिताब रिकॉर्ड छठी बार जीता है।स्वदेश लौटने के बाद आयुष ने भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े नाम सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की। यह मुलाकात युवा कप्तान के लिए खास बन गई, जब मास्टर ब्लास्टर ने उन्हें अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की। जर्सी पर सचिन तेंदुलकर ने हाथ से लिखा संदेश भी दिया, जिसमें उन्होंने आयुष के उज्ज्वल करियर की कामना की।आयुष म्हात्रे ने इस पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए भावुक शब्दों में लिखा कि वह बचपन में सचिन को स्क्रीन पर देखा करते थे और आज उनके घर पर खड़े होकर उनके सफर का एक हिस्सा हाथ में पकड़े हैं। उन्होंने इस सम्मान को जीवन भर संजोकर रखने की बात कही।गौरतलब है कि विश्व कप जीत के बाद आयुष और उनके साथी खिलाड़ी उधव मोहन का अपने–अपने घरों में जोरदार स्वागत किया गया। मुंबई के विरार में आयुष



को स्थानीय नायक की तरह सम्मान मिला, जहां परिवार, दोस्त और पड़ोसी बड़ी संख्या में जुटे। वहीं, उधव मोहन को नई दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत मिला।मौजूद जानकारी के अनुसार आयुष म्हात्रे ने नॉकआउट मुकाबलों में टीम को आगे से लीड किया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 51 गेंदों पर 53 रन बनाए, जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 59 गेंदों पर 62 रन की अहम पारी खेली। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने सात पारियों में 214 रन बनाए और भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।हालांकि, टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन की रही। उन्होंने 439 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता।

# सोने-चांदी की कीमतों में ठहराव या बड़ी गिरावट? जानें क्या है विशेषज्ञों की राय और निवेश की रणनीति

सोना और चांदी हाल ही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे। फिर उनमें तेजी से करेक्शन हुआ। अब कीमतें एक छोटी रेंज में जा रही हैं। चिंता की बात लग सकती है, लेकिन एनरिच मनी के ब्म्द पोनमुडी आर के अनुसार, यह फेज ट्रेंड के खत्म होने के बजाय एक मजबूत रैली के बाद एक ठहराव जैसा ज्यादा लग रहा है। हाल के महीनों में सोने और चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छूकर निवेशकों को हैरान कर दिया था। लेकिन इस ऐतिहासिक तेजी के बाद अब बाजार में एक तेज श्करेक्शनश (गिराव) देखा जा रहा है। वर्तमान में कीमतें एक सीमित दायरे (त्ंदहम) में कारोबार कर रही हैं। हालांकि, यह स्थिति आम निवेशकों के लिए चिंता का विषय हो सकती है, लेकिन एनरिच मनी के ब्म्द पोनमुडी आर के अनुसार, यह किसी मंदी का संकेत नहीं बल्कि एक लंबी रैली के बाद का श्कंसोलिडेशनश (स्थिरीकरण) है।आइए इसे सबसे आसान तरीके से समझते हैं।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (डब्) पर सोना 1,80,000 रुपये से 1,81,000 रुपये के करीब चढ़ा था, फिर करेक्शन होकर 1,55,000 रुपये से 1,60,000 रुपये की रेंज में आ गया। करेक्शन का सीधा मतलब है कि कीमतें बहुत तेजी से बढ़ने के बाद ठंडी पड़ गई हैं।पोनमुडी का कहना है कि 1,45,000 रुपये से 1,50,000 रुपये के आसपास मजबूत खरीदारी की दिलचस्पी देखी जा रही है। बाजार की भाषा में इसे सपोर्ट जोन कहा जाता है। आसान शब्दों में, यह एक प्राइस बैंड है जहाँ खरीदार आमतौर पर



आते हैं और आगे की गिरावट को रोकते हैं। अगर सोना फिर से ते 1,60,800 से ऊपर जाता है, तो यह ते 1,65,000 से ते 1,75,000 तक एक और रैली कर सकता है। अभी के लिए, बड़ा ट्रेंड अभी भी पॉजिटिव लग रहा है।चांदी में और भी तेज उतार–चढ़ाव देखने को मिले हैं। डब् पर, यह लगभग ते 4,20,000 तक बढ़ गया था, फिर लगभग ते 2,50,000 से ते 2,70,000 तक करेक्ट हुआ। यह एक बड़ी गिरावट है, और जाहिर है कि इससे इन्वेस्टर घबरा गए हैं।यहां भी, पोनमुडी ते 2,25,000 और ते 2,60,000 के बीच एक मजबूत सपोर्ट बैंड की ओर इशारा करते हैं। अगर चांदी इस लेवल से ऊपर रहती है और डिमांड रिटर्न देती है, तो यह धीरे–धीरे ते 3,00,000 से ते 3,25,000 तक जा सकती है।लेकिन चांदी सोने से ज्यादा वोलाटाइल होती है। यह तेजी से बढ़ती है, लेकिन तेजी से गिरती भी है। इसका मतलब है ज्यादा पोटेंशियल रिटर्न, लेकिन ज्यादा रिस्क भी।दुनिया भर में, सोने और चांदी का कारोबार अमेरिका के कमोडिटी एक्सचेंज ब्व्डम् पर होता है, जहाँ कीमतें डॉलर में बताई जाती हैं और जो अक्सर भारतीय रेट पर असर डालती हैं। वहाँ सोना लगभग +5,500 से +5,000 से +5,150 की रेंज में आ गया, जबकि चांदी +121 से ऊपर से गिरकर लगभग +80 से +87 पर आ गई।पोनमुडी के अनुसार, यह गिरावट प्रॉफिट–बुकिंग लगती है। इसका सीधा सा मतलब है कि जिन इन्वेस्टर ने निचले लेवल पर खरीदा था, वे मुनाफे को लॉक करने के लिए बेच रहे हैं। यह अपने आप लंबे समय के ब्रेकडाउन का संकेत नहीं देता है।तो एक रेगुलर इन्वेस्टर के लिए इन सबका क्या मतलब है?इसका मतलब है कि यह पैनिक का दौर नहीं है। यह एक कंसोलिडेशन का दौर है। ऐतिहासिक तेजी के बाद कीमतें एडजस्ट हो रही हैं। निचले लेवल पर स्थिर डिमांड के साथ सोना काफी स्थिर दिख रहा है। चांदी में ज्यादा बढ़त की संभावना है लेकिन यह ज्यादा उतार–चढ़ाव के साथ आती है।ज्वेलरी खरीदने वालों या गोल्ड म्ज्थ् या डिजिटल गोल्ड में लंबे समय के इन्वेस्टर के लिए, यह सुधार हाल के पीक की तुलना में बेहतर एंट्री लेवल दे सकता है। ट्रेडर्स के लिए, जरूरी यह है कि ये सपोर्ट जोन बने रहते हैं या नहीं।

# डालर की कमर टूटी! शुरुआती कारोबार में रुपए ने पकड़ी रफ्तार, 90.40 के स्तर पर पहुंचा

विदेशी निवेश प्रवाह और आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप के समर्थन से रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 38 पैसे मजबूत होकर 90.40 पर पहुंच गया। यह मजबूती घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के बावजूद देखी गई, जो निवेशकों के लिए मिले–जुले संकेत प्रस्तुत करता है।रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में 38 पैसे चढ़कर 90.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी निवेश प्रवाह और केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से इसे समर्थन मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेश प्रवाह हालांकि बहुत अधिक नहीं है, लेकिन इसने एक मनोवैज्ञानिक स्थिरता प्रदान की है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) चुपचाप यह सुनिश्चित कर रहा है कि बैंकों पर्याप्त नकदी बनी रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.55 पर खुला।फिर इसने गति पकड़ी और 90.40 तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 38 पैसे की वृद्धि दर्शाता है। रुपया प्रारंभिक कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 90.56 तक भी पहुंचा। रुपया बंधवार को 22 पैसे की गिरावट के साथ 90.78 प्रति



डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.78 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 349.87 अंक टूटकर 83,883.77 अंक पर जबकि निफ्टी 106.60 अंक फिसलकर 25,847.25 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.69 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# शालिनी पांडे की सीरीज बैंडवाले का ट्रेलर जारी, डीजे साइको बनकर छाए जहान कपूर

प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी म्यूजिकल ड्रामेडी सीरीज बैंडवाले का दिल छू लेने वाला ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह प्राइम ओरिजिनल सीरीज अंकुर तिवारी और स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखी और तैयार की गई है, जबकि निर्देशन अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने किया है। सीरीज का निर्माण ओएमएल एंटरटेनमेंट कर रहा है।कहानी में संगीत एक केंद्रीय भूमिका निभाता है, जिसमें यशराज मुखाटे की ओरिजिनल रचनाएं शामिल हैं, जो उनके पहले लॉन्ग फॉर्मेट सीरीज की रचना होगी. कौसर मुनिर की खूबसूरत कविताएं कहानी की भावनात्मक गहराई को और निखारती हैं।ट्रेलर एक ऐसी कहानी का स्वर स्थापित करता है जो रचनात्मकता, दोस्ती और शांत बगावत पर आधारित है, और छोटे शहर के सपने देखने वालों की भावनात्मक धड़कन को पकड़ता है, जो अपनी आवाज ढूंढ रहे हैं। रतलाम के बीचों–बीच सिथ्त, बैंडवाले में मरियम नाम की एक युवा कवियत्री की कहानी है, जो अपनी पहचान, आजादी और अपनेपन के सवालों से जूझते हुए बिना नाम बताए अपनी रचनाएँ ऑनलाइन शेयर करना शुरू करती है।जहान कपूर ने अपने किरदार को लेकर कहा, उसकी यात्रा रोबो और डीजे सायको के साथ आगे बढ़ती है, जहां तीनों संगीत, हास्य और साझा महत्वाकांक्षा पर भरोसा करते हुए अपने हालात से परे जीवन की कल्पना करते है। ट्रेलर उनके आपसी रिश्ते, रचनात्मक बेचौनी और उस नाजुक आशा की झलक दिखाता है कि कला न केवल निकलने का रास्ता बन सकती है, बल्कि आगे बढ़ने का मार्ग भी। संगीत कहानी के भावनात्मक पहलू को आगे बढ़ाता है और स्वयं कथा का एक अभिन्न हिस्सा बन जाता है।डीजे सायको कुछ हद तक रहस्यपूर्ण किरदार है, रतलाम में हर तरह के अजीबो –गरीब काम करता है, वह गहराई से महसूस करता है लेकिन अपनी भावनाओं को बीट्स और साउंड के जरिए सहयोगात्मक संगीत में व्यक्त करता है, वह हमेशा लो प्रोफाइल में रहकर काम पर ध्यान देने की कोशिश करता है, लेकिन तब तक जब तक वह मरियम से नहीं मिलता, और बेशक रोबो से भी। वह उनके जीवन में पूरी तरह शामिल हो जाता है, और उसका पिछला जीवन कोने में किसी छाया की तरह मंडराता रहता है।उन्होंने कहा, उसे निभाना मेरे लिए बेहद मुक्तिदायक अनुभव था क्योंकि इसने मुझे संगीत और साउंड डिजाइन से जुड़े नए भावनाओं और रिश्तों का पता लगाने की अनुमति दी। अंकुर तिवारी, स्वानंद किरकिरे,



अक्षत वर्मा और प्राइम वीडियो व ओएमएल द्वारा तैयार की गई पूरी टीम के साथ काम करना वास्तव में एक समृद्ध अनुभव रहा।शालिनी पांडे ने कहा, मरियम वह व्यक्ति है जो लगातार अपने भीतर की भावनाओं और दुनिया की उससे अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती है। कविता उसके लिए सबसे ईमानदार अभिव्यक्ति का माध्यम बन जाती है, एक ऐसा स्थान जहाँ वह बिना डर या अनुमति के अपने आप को सहज रूप में व्यक्त कर सकती है। उसे निभाना मेरे लिए एक बेहद व्यक्तिगत यात्रा रही, जिसमें मैंने मौन, संयम और अपनी आवाज को धीरे–धीरे खोजने के साहस को समझा।

# नाना पाटेकर ने 102 डिग्री बुखार के बावजूद पूरी की ओ रोमियो की हाई एक्शन शूटिंग

वरिष्ठ अभिनेता नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के उन कलाकारों में से हैं, जिन्हें उनकी मेहनत, लगन और प्रोफेशनलिज्म के लिए जाना जाता है। इन दिनों



वह अपनी आने वाली फिल्म ओ रोमियो को लेकर चर्चाओं में हैं। वह अपने काम को लेकर कितने प्रतिबद्ध हैं ये फिल्म के निर्माताओं ने खुद बताया। फिल्म ओ रोमियो का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है।फिल्म में एक एक्शन सीन है, जिसे ट्रेन के सेट पर शूट किया गया। विशाल भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान नाना पाटेकर को तेज बुखार था। वह 102 डिग्री के बुखार से तप रहे थे। पूरी टीम इस बात को लेकर चिंतित थी। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी। उन्होंने आगे कहा, लेकिन नाना पाटेकर ने शूटिंग जारी रखने का फैसला किया।वह नहीं चाहते कि उनके कारण शूटिंग कैंसिल हो। उन्होंने लगातार चार घंटे तक उस सीन की शूटिंग पूरी की। फिल्म का पहला गाना इश्क का फीवर पहले ही रिलीज हो चुका है। इसे सुपरस्टार सिंगर अरिजीत सिंह ने गाया है और विशाल भारद्वाज ने कम्पोज किया



है, जबकि बोल गुलजार ने लिखे हैं। गाना रोमांटिक है, और इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की खूबसूरत केमिस्ट्री नजर आ रही है।फिल्म ओ रोमियो की बात करें तो, इसमें नाना पाटेकर, शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसी प्रमुख हस्तियां हैं। यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई पर आधारित है। फिल्म में शाहिद ने एक माफिया डॉन हुसैन उस्तरा का रोल किया है। वहीं, सपना उर्फ सपना दीदी के रोल में तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रस्तुत कर रहे हैं, इसका निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है और प्रोडक्शन नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की तरफ से है। फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# सनी देओल की बार्डर 2 ने 19वें दिन उड़ा दिया गर्दा, कर डाली बंपर कमाई

सनी देओल की बॉर्डर 2 इस साल की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में से एक है. इस वॉर ड्रामा ने पूरे भारत में सिनेमा फैन्स का काफी ध्यान खींचा और इसी के साथ जमकर बॉक्स ऑफिस भी लूटा. इसकी रिलीज के दो हफ्ते धमाकेदार रहे हालांकि अब रिलीज के तीसरे वीक में इसकी कमाई में मंदी देखी जा रही है लेकिन ये अब भी करोड़ों में ही नोट छाप रही है. चलिए यहां जानते हैं शबॉर्डर 2य ने रिलीज के तीसरे मंगलवार यानी 19वें दिन कितने करोड़ कमाए हैं. शबॉर्डर 2य 1997 की ब्लॉकबस्टर जेपी दत्ता निर्देशि शबॉर्डरय की सीक्वल है. 23 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई ये फिल्म 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के समय की है और इंडियन आर्मी, एयर फोर्स और नेवी के साहस पर फोकस करती है. मेकर्स ने क्लासिक गाने संदेशे आते हैं और ऐ जाते हुए लम्हों को फिर से इस फिल्म में शामिल किया और इन्होंने फैन्स के लिए पुरानी यादें फिर से ताजा कर दी. इसी के साथ बॉर्डर 2 को सिनेमाघरों में खूब ऑडियंस भी मिली जिन्होंने फिल्म की कहानी और स्टार कास्ट की दमदार परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की. इसी के साथ इस फिल्म ने न केवल अपना बजट रिकवर कर लिया है बल्कि अब ये मुनाफा बटोर रही है. बॉर्डर 2 के कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में इसने 224.25 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 70.15 करोड़ का कारोबार किया. वहीं 15वें दिन फिल्म ने 2.85 करोड़, 16वें दिन 5.25 करोड़, 17वें दिन 7.25 करोड़ और 18वें दिन 2 करोड़ रुपये जोड़े.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक शबॉर्डर 2य ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 2.84 करोड़ कमाए हैं.इसी के साथ शॅार्डर 2 की 19 दिनों की कुल कमाई अब 314.59 करोड़ रुपये हो गई है.शबॉर्डर 2य की कमाई में तीसरे मंगलवार फिर तेजी देखी गई और इसने 2.84 करोड़ कमा डाले जबकि सोमवार को इसने 2 करोड़ कमाए थे. इसी के साथ इसका कुल कलेक्शन 314.59 करोड़ रुपये हो चुका है. दिलचस्प बात यह है कि बॉर्डर 2 अब सलमान खान की बजरंगी भाईजान के लाइफटाइम कलेक्शन 320.34 करोड़ को पार करने से कुछ करोड़ ही दूर रह गई है. उम्मीद है कि तीसरे गुरुवार तक फिल्म ये उपलब्धि भी हासिल कर लेगी.शबॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी, दिलजीत दोसांझ, मेधा राणा, सोनम बाजवा और मोना सिंह ने अहम रोल प्ले किया है. इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है.वहीं रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 30 जनवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन बॉर्डर 2 के आगे इसका



जोर नहीं चला।

# हाथों में गन, इटेंस आंखें, यश की टाक्सिक से तारा सुतारिया का फर्स्ट लुक आउट, एक्शन अवतार में ये रोल करेंगी एक्ट्रेस

कन्नड़ सुपरस्टार यश स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक अपने रिलीज ईयर में आ चुकी है. फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होगी और फिल्म से एक के बाद एक हसीनाओं के फर्स्ट लुक सामने आ रहे हैं. कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और नयनतारा के बाद अब फिल्म से तारा सुतारिया का भी फर्स्ट लुक सामने आया है. टॉक्सिक के मेकर्स ने तारा सुतारिया का एक अवतार में फर्स्ट



लुक साझा किया है. जैसे–जैसे फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे फिल्म की एक्ट्रेस के फर्स्ट लुक भी सामने आ रहे हैं. चलिए जानते हैं फिल्म टॉक्सिक में तारा सुतारिया का क्या रोल होगा.गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनने वाली फिल्म टॉक्सिक से आए तारा सुतारिया के फर्स्ट लुक की बात करें तो वह ऑफ शॉल्डर डार्क स में हाथ में गन लिए दिख रही हैं. शोल्डर कट हेयर स्टाइल और आंखों में टागरेट लिए तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव दिख रहा है. तारा फिल्म टॉक्सिक में रेबेका का रोल करने जा रही हैं. इस हिसाब से टॉक्सिक एक मास एक्शन फिल्म बनने जा रही है. इससे पहले फिल्म से नयनतारा का डैशिंग फर्स्ट लुक आया था. फिल्म में नयनतारा का रोल गंगा नामक लड़की का होगा. वहीं, हुमा कुरैशी एलिजाबेथ और कियारा आडवाणी नाडिया के रोल में होंगी. टॉक्सिक से आए इन चारों एक्ट्रेस के रोल काफी इंटरेस्टिंग, सरप्राइजिंग और मिस्टीरियस हैं.फिल्म टॉक्सिक की बात करें तो इसे यश और गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखा है. फिल्म का निर्देशन गीतू ने किया है. फिल्म के निर्माता वेंकट नारायण और यश हैं. फिल्म कन्नड़ और इंग्लिश में शूट हुई है, वहीं हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और भी कई भाषाओं में डब होगी. टॉक्सिक आगामी 19 मार्च को उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के मौके पर रिलीज होने जा रही है. 19 मार्च को गुरुवार है और फिल्म को चार दिनों का फेस्टिव वीकेंड मिलने जा रहा है. फिल्म से यश का फर्स्ट लुक पहले ही रिलीज हो चुका है और केजीएफ स्टार के फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. फिल्म बीते एक साल से भी ज्यादा समय से तैयार हो रही है. यश पूरे चार साल बाद बड़े पर्दे पर धमाका मचाने आ रहे हैं.।

# आयशा शर्मा की क्रिएटिव यात्रा में नया मोड़ अब बनीं लेखिका भी अभिनेत्री

आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे–धीरे अपनी एक अलग आवाज बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए



वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैंकृएक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे–छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म–प्रेम के इर्द–गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म–संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। उम्मीद है यह किताब आपको तब मिले जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत हो। और जब मिले, तो आपको ऐसा महसूस हो जैसे किसी ने चुपचाप आपको गले लगा लिया हो। मेरे पास सारे जवाब नहीं हैं, लेकिन अगर मेरी लिखी बातों में आपको लगे कि श्ये तो वही एहसास है जिसे मैं हमेशा महसूस करती थी, पर शब्द नहीं दे पाती थी, तो मेरे लिए वही काफी है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म–विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।

# री-रिलीज होगा नागा चौतन्य-साई पल्लवी की लव स्टोरी, 14 फरवरी को फिर से सिनेमाघरों में देगी दस्तक



नागा चौतन्य की लव स्टोरी उनके शानदार करियर में एक यादगार मील का पत्थर बनी हुई है। उन्होंने ग्रामीण तेलंगाना के एक जोशीले लोक डांसर का किरदार निभाया, जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। डायरेक्टर शेखर कम्मुला की शानदार कहानी कहने की कला और चौतन्य की इमोशनल परफॉर्मेंस ने फिल्म को एक क्लासिक बना दिया।साई पल्लवी ने लीड एक्ट्रेस के तौर पर बेहतरीन काम किया, और उनकी ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री ने प्यार की एक ऐसी कहानी बनाई जो जाति और वर्ग के भेदभाव से ऊपर है। शेखर कम्मुला द्वारा ग्रामीण तेलंगाना के जीवन का असली चित्रण कहानी में और गहराई लाया। फिल्म के साउंडट्रैक, जिसमें नी चित्रम चूसी और सारंगा दरिया जैसे हिट गाने शामिल हैं, ने इसके इमोशनल असर को और बढ़ा दिया।एसवीसीएलएलपी और एमिगोस क्रिएशन्स के नारायण दास के नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा प्रोड्यूस की गई लव स्टोरी, सच्चे प्यार की ताकत का सबूत है। फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर सफलता और क्रिटिक्स की तारीफें इसकी शानदार कहानी, बेहतरीन परफॉर्मेंस और सच्चे एहसास का नतीजा हैं। मेकर्स फिल्म को 14 फरवरी, वैलेंटाइन डे पर फिर से रिलीज कर रहे हैं, जो प्यार को फिर से जगाने के लिए एकदम सही मौका है। कपल्स और चौतन्य–साई पल्लवी के फैंस एक बार फिर बड़े पर्दे पर लव स्टोरी का जादू देख सकते हैं। अपनी सिंपल, सच्ची और कई लेयर्स वाली कहानी के साथ, लव स्टोरी सभी बैकग्राउंड के लोगों को पसंद आती है। शेखर कम्मुला का डायरेक्शन और कास्ट की परफॉर्मेंस इसे रोमांस पसंद करने वालों के लिए जरूर देखने लायक बनाती है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।